# शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

गोरखपुर, शनिवार 04 जनवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्ष:- 14, अंक 03




दक्षिण कोरियाः छह घंटे चले गतिरोध... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • शेन वॉटसन ने कहा-भारत का चैंपियंस ट्रॉफी...

## संभल सांसद बर्क को हाई कोर्ट से झटका

# एफआईआर करने की मांग खारिज, गिरफ्तारी पर रहेगी रोक

एजेंसी



**संभल।** संभल में शाही जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के लिए लोगों को भड़काने के मामले में आरोपी सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क को इलाहाबाद हाई कोर्ट से झटका लगा है। हाई कोर्ट ने संभल हिंसा के बाद अपने खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर रद्द करने की सपा सांसद की मांग को खारिज कर दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि पुलिस की जांच जारी रहेगी। हालांकि कोर्ट ने पुलिस को सांसद को फिलहाल गिरफ्तार नहीं करने का आदेश दिया है। हाई कोर्ट ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने आदेश पर अमल करने को कहा है। कोर्ट ने कहा है कि जिन धाराओं में सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है उनमें सात साल से कम की सजा होती है। पुलिस इस मामले में नोटिस जारी कर सांसद से पूछताछ कर सकती है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने दिया। शुक्रवार को हुई सुनवाई में सांसद जियाउर्रहमान बर्क की ओर से अधिवक्ता इमरान उल्लाह और सैयद इकबाल और राज्य सरकार की ओर से शासकीय अधिवक्ता एके संड सुनकर दिया। कोर्ट ने मामले की जांच जारी रखने और सांसद जियाउर्रहमान बर्क को पुलिस की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। संभल पुलिस ने 24 नवंबर को हुई हिंसा में सपा के स्थानीय सांसद जियाउर्रहमान बर्क को भी आरोपी बनाया था। सांसद के खिलाफ हिंसा के लिए लोगों को उकसाने के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज है। उनके खिलाफ कई धाराओं में एफआईआर दर्ज की

## भाजपा के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी का निधन

**रांची।** झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गुरविंदर सिंह सेठी का आज निधन हो गया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने श्री सेठी के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि गुरविंदर सिंह सेठी सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष पद पर भी वह कार्यरत रहे।गुरु नानक हॉस्पिटल, गुरु नानक स्कूल एवं गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने कई उल्लेखनीय कार्य किए। श्री सेठ ने कहा कि श्री सेठ की सेवा कभी भुलायी नहीं जा सकती है।इस दुख की घड़ी में वे उनके परिजनों के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं उनके परिजनों को यह दु:ख सहने की शक्ति दें।

# दिल्ली को प्रधानमंत्री मोदी की सौगात

## आज भारत राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीकः पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वाभिमान अपार्टमेंट, अशोक विहार, दिल्ली में इन-सीटू स्लम पुनर्वास परियोजना के तहत झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के लिए 1,675 नवनिर्मित फ्लैटों के उद्घाटन समारोह में भाग लिया।




इसके साथ ही उन्होंने झुग्गी झोपड़ी (जेजे) समूहों के निवासियों के लिए नवनिर्मित फ्लैटों के लाभार्थियों को चाबियां सौंपी। प्रधानमंत्री ने इसके अलावा दिल्ली विश्वविद्यालय में 600 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली तीन नयी परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार में पूर्वी परिसर, द्वारका में पश्चिमी परिसर और नजफगढ़ के रोशनपुरा में अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वीर सावरकर कॉलेज का भवन शामिल है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बन गया है। 2025 में भारत की यह भूमिका और भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष विश्व में भारत की स्थिति मजबूत करने का वर्ष होगा। यह भारत को दुनिया के सबसे बड़े विनिर्माण केंद्रों में से एक बनाने का वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि आज जब मैं यहां हूं, तो कई पुरानी यादें याद आना स्वाभाविक है। जब देश इंदिरा गांधी की तानाशाही के खिलाफ लड़ रहा था, तो मेरे जैसे कई लोग जो भूमिगत आंदोलन का हिस्सा थे, उनके लिए अशोक विहार मेरे रहने की जगह हुआ करती थी।

## कच्ची दीवार गिरी मां बेटे की मौत



**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के सैनी क्षेत्र में शुक्रवार को कच्ची दीवार गिरने से मां बेटे की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र के अंबेडकर नगर अझुवा निवासी शरीफ (55) के घर की कच्ची दीवार आज सुबह भरभरा कर ढह गयी जिसके मलबे में शरीफ,उसकी मां शकीना बानो (77) के अलावा शरीफ का पुत्र शाह मोहम्मद (14) दब गये। पड़ोसियों ने शरीफ और शकीना को इस्माइलपुर अस्पताल पहुंचाया जहां शकीना बानो को मेडिकल कॉलेज मंझनपुर के लिए भेज दिया गया मगर उपचार के दौरान सकीना बानो की मृत्यु हो गई वहीं शरीफ को उपचार के बाद परिजन घर लाए मगर कुछ घंटों बाद शरीफ की भी मृत्यु हो गई। शाह मुहम्मद को भी गंभीर चोट है, जिसका उपचार किया जा रहा है।

## चंदन गुप्ता हत्याकांडः एनआईए कोर्ट का बड़ा फैसला

# 28 दोषियों को उम्रकैद

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी की विशेष अदालत ने बहुचर्चित चंदन गुप्ता हत्याकांड में अपना फैसला सुना दिया है। आपको बता दें कि कोर्ट ने सभी 28 दोषियों को उम्रकैद की सजा सुना दी है। मालूम हो कि कोर्ट ने 28 लोगों को सोमवार को दोषी करार दिया था। चंदन की 26 जनवरी, 2018 को मोटरसाइकिल पर तिरंगा यात्रा के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।



वहीं, अदालत ने दो आरोपियों- नसीरुद्दीन और असीम कुरैशी को साक्ष्यों के अभाव में बरी कर दिया था। सांप्रदायिक हिंसा की प्रकृति की वजह से यह मामला काफी सुर्खियों में रहा जिसमें चंदन की मृत्यु से उस क्षेत्र में हिंसा भड़क गई थी। इन दोषियों को हत्या, हत्या के प्रयास, दंगा करने और राष्ट्रीय झंडे के अपमान का दोषी करार दिया गया है। अदालत के निर्णय के बाद इन दोषियों को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। भादंसं की इन धाराओं के अलावा, सलीम, वसीम, नसीम, मोहसिन, राहत, बबलू और सलमान को शस्त्र अधिनियम के तहत भी दोषी करार दिया गया है, क्योंकि घटना के दौरान ये लोग हथियार लेकर गए थे। शासकीय अधिवक्ताओं एमके सिंह और एल के दीक्षित की अगुवाई में अभियोजन पक्ष ने 18 गवाह पेश किए, जबकि बचाव पक्ष ने 23 गवाह पेश किए। कासगंज में शुरुआती सुनवाई के बाद इस मामले को लखनऊ स्थानांतरित कर दिया गया था। जब चंदन गुप्ता ने इसको लेकर आपत्ति की, स्थिति बिगड़ गई और इन आरोपियों ने जुलूस में शामिल लोगों पर पथराव कर दिया और फायरिंग कर दी। मुख्य आरोपियों में से एक सलीम ने चंदन गुप्ता पर गोली चला दी जिससे चंदन घायल हो गया। चंदन का भाई और अन्य साथी उसे कासगंज थाना ले गए जहां से उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया । अस्पताल में उसकी मृत्यु हो गई।

### सलीम ने भी किया सरेंडर

इस मामले में लेटेस्ट अपडेट यह है कि इस हत्याकांड के दोषी सलीम ने भी कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। सलीम पर ही चंदन गुप्ता को गोली मारने की बात कही गई है। गुरुवार को दोषी ठहराए गए 28 आरोपियों में 26 आरोपियों ने सरेंडर कर दिया था। अकेले बचे सलीम के खिलाफ कोर्ट ने जारी गैर जमानती वारंट किया था। आज सलीम ने भी सरेंडर कर दिया है। बता दें कि व्हीलचेयर का इस्तेमाल कर सलीम कोर्ट में पहुंचा था।

### क्या हुआ था 26 जनवरी 2018 को?

सरकारी वकीलों के मुताबिक, 26 जनवरी, 2018 की सुबह चंदन गुप्ता अपने भाई विवेक गुप्ता और अन्य साथियों के साथ गणतंत्र दिवस पर तिरंगा यात्रा में जा रहा था। जैसे ही जुलूस तहसील रोड पर जीजीआईसी के गेट के पास पहुंचा, सलीम, वसीम, नसीम और अन्य लोगों के एक समूह ने रास्ता रोक लिया और जुलूस रोक दिया।

## अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट जीत रहे हैं हमः शिवपाल यादव

एजेंसी



**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री शिवपाल यादव ने कहा कि अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा की सीट को हम जीत रहे हैं। श्री यादव आज यहां समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस तरह से लोकसभा चुनाव में यहां की जनता ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को हराया था ठीक उसी तरह से मिल्कीपुर उपचुनाव में भी जनता भाजपा को हरायेगी। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा में समाजवादी पार्टी के वोट काटे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा एक बेईमान सरकार है। भगवान राम के नाम पर कितने ही घटिया काम यह लोग कर रहे हैं, यहां की जनता इस बार भी इन्हें मिल्कीपुर उपचुनाव में हरायेगी। पत्रकारों द्वारा प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ पर पूछे गये एक प्रश्न पर श्री यादव ने कहा कि जब हमारी सरकार थी तो हमने कुंभ पर छह सौ करोड़ रुपये खर्च किये थे। भाजपा सरकार अधिकारियों से मिलकर कुंभ के बजट का आनंद ले रही है। 'वन नेशन, वन इलेक्शन' पर उन्होंने कहा कि जब भी चुनाव होंगे भाजपा हर जगह से हारेगी। इसलिए वह जनता को बहकावे में लाने की कोशिश कर रही है। पूर्व मंत्री ने कहा कि जितने भी चुनाव हुए क्या एक साथ भाजपा ने चुनाव करवा लिये। जब कभी प्रदेशों में सरकार अल्पमत में होगी तो यह लोग क्या करेंगे। यह भाजपा के लोग हैं। यह केवल बेईमानी करते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार पर पूछे गये प्रश्न पर उन्होंने कहा कि भाजपा से जनता परेशान है। यहां तक कि भाजपा में भी नाराजगी है।

# युवाओं का एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही बीजेपी

## बेरहमी से कुचल रही आवाज, छात्र प्रदर्शन पर राहुल गांधी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पेपर लीक करवा कर छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय कर रही है और जब छात्र इस अन्याय के खिलाफ खडे होते हैं तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता है।

श्री गांधी ने कहा कि पहले बिहार में प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्रों की आवाज दबाने का काम हुआ है और अब मध्य प्रदेश में पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों को जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा भाजपा



भारत के युवाओं का बिल्कुल एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही है उनका भविष्य मिटा रही है। सरकारी भर्ती में विफलता बड़ा अन्याय है। पहले तो भर्ती नहीं निकलती। भर्ती निकल जाए तो एग्जाम समय पर नहीं होते। एग्जाम हो तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं और जब युवा न्याय मांगते हैं तब उनकी आवाज़ को बेरहमी से कुचला जाता है। श्री गाँधी ने कहा हाल ही में उत्तर प्रदेश और बिहार की घटनाओं के बाद अब मध्यप्रदेश में एमपीपीएससी में हुई गड़बड़ी का विरोध कर रहे दो छात्रों को जेल में डाल दिया गया है। वो भी तब जब मुख्यमंत्री ने ख़ुद छात्रों से मुलाक़ात कर उनकी मांगों पर विचार करने का आश्वासन दिया था। भाजपा की सरकार ने छात्रों के भरोसे को तोड़ा है और लोकतांत्रिक प्रणाली का गला घोंटा है। उन्होंने कहा छात्रों के अधिकार की लड़ाई में हम उनके साथ हैं। भाजपा को देश के युवाओं के हक़ की आवाज़ किसी क़ीमत पर दबाने नहीं देंगे।

## मोदी आज करेंगे ग्रामीण भारत महोत्सव का शुभारंभ

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को यहां भारत मंडपम में चार दिवसीय ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। ग्रामीण भारत की उद्यमशीलता की भावना और सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाते हुए, महोत्सव चार से नौ जनवरी तक आयोजित किया जाएगा। इसका विषय 'विकसित भारत 2047 के लिए एक समावेशी ग्रामीण भारत का निर्माण' और आदर्श वाक्य 'गांव बढ़े, तो देश बढ़े' है। महोत्सव का उद्देश्य विभिन्न चर्चाओं, कार्यशालाओं और दक्षता के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे को बढ़ाना, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाना और ग्रामीण समुदायों में नवाचार को बढ़ावा देना है।


RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

YouTube shakuntimes

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें

WhatsApp करें

9935781155, 9415052283


# मुइज्जू के खिलाफ साजिश की बात झूठी

## अखबार की कोई साख नहीं, भारत ने खूब सुनाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने शुक्रवार को वाशिंगटन पोस्ट की दो हालिया रिपोर्टों में किए गए दावों को खारिज कर दिया। अमेरिकी अखबार ने अपनी एक रिपोर्ट में दावा किया था कि मालदीव की विपक्षी पार्टी ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को हटाने के लिए भारत से 6 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मदद मांगी थी। वहीं एक अन्य रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) कथित तौर पर पाकिस्तान में हत्याएं




करा रही है। हालांकि भारत ने इन सभी रिपोर्टों को खारिज करते हुए अखबार की साख पर ही सवाल खड़े किए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, यह अखबार और संबंधित पत्रकार भारत के प्रति एक अनिवार्य शत्रुता रखते हैं। उनके कार्यों में एक पैटर्न देखा जा सकता है। मैं इस रिपोर्ट की विश्वसनीयता का आकलन आप पर छोड़ता हूं। हमारे लिए, इसकी कोई साख नहीं है। इससे पहले, वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट में दावा किया गया था कि भारत मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को हटाने की साजिश में शामिल था। हालांकि, इस दावे को मालदीव की सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी, मालदीव डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के प्रमुख और पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें राष्ट्रपति के खिलाफ किसी भी गंभीर साजिश की जानकारी नहीं है और भारत ऐसा कदम कभी नहीं उठाएगा। मोहम्मद नशीद ने एक बयान में कहा, मैंने वाशिंगटन पोस्ट का लेख पढ़ा। मुझे राष्ट्रपति के खिलाफ किसी भी गंभीर साजिश की जानकारी नहीं है, हालांकि कुछ लोग हमेशा षड्यंत्र की दुनिया में जीते हैं। भारत ऐसा कदम कभी नहीं उठाएगा क्योंकि वह हमेशा मालदीव के लोकतंत्र का समर्थन करता है। भारत ने हम पर कभी शर्तें थोपने की कोशिश नहीं की। रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के संदर्भ में टिप्पणी करते हुए हिलेरी क्लिंटन के एक पुराने बयान का जिक्र किया। उन्होंने कहा, पाकिस्तान के मामले में, मैं आपको अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन की बात याद दिलाना चाहता हूं, उन्होंने कहा था- आप अपने घर के आंगन में सांप पाल कर यह उम्मीद नहीं कर सकते कि वे आपके पड़ोसियों को ही काटेंगे। दरअसल अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने हाल ही में भारत की खुफिया एजेंसी रॉ को लेकर एक खबर छापी थी। वाशिंगटन पोस्ट का कहना है कि भारत की खुफिया एजेंसी रॉ (रिसर्च एंड एनालिसिस विंग) ने कथित तौर पर 2021 के बाद से पाकिस्तान में लगभग आधा दर्जन लोगों को मारने के लिए एक व्यवस्थित हत्या कार्यक्रम को अंजाम दिया।

**आपरेशन अवैध अस्पताल** | **गोरखपुर जनपद का स्वास्थ्य विभाग भगवान भरोसे**

# आखिर किसके सह पर कैम्पियरगंज में संचालित हो रहे है अवैध मानकविहीन अस्पताल

◆ **यमराज का दूसरा रूप बन गए है मानकविहीन अवैध अस्पताल के फर्जी डाक्टर**




शकुन टाइम्स संवाददाता

**कैम्पियरगंज/गोरखपुर।** एक तरफ़ जहा सूबे के मुखिया आम जनमानस के लिए लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की कोशिश कर रहे है तो वही उनके ही गृह जनपद में स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के मेहरबानी से मानकविहीन अवैध अस्पतालों की चांदी कट रही है और सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं से मरीज दूरी बना रहे है सम्पूर्ण कैम्पियरगंज क्षेत्र में अवैध अस्पतालों का बोलबाला है क्या जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इन अवैध अस्पतालों पर नही पड़ती है या फिर इन अस्पतालो के संचालन के लिए मौन स्वीकृति प्रदान है सूत्रों की माने इस पूरे खेल में कही ना कही जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत है।

## उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के सभी दावे हवा हवाई

सूबे के उप मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक लगातार पूरे प्रदेश का दौरा करते रहते है और अवैध अस्पतालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाई की बात करते है परन्तु धरातल पर उनकी बाते हवा हवाई साबित हो रही है क्योंकि संपूर्ण कैम्पियरगंज क्षेत्र में अवैध अस्पतालों का बोलबाला है और यह भी तब यह हाल है जब की गोरखपुर सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद है तब भी अधिकारियों में कोई डर नही है क्या स्वास्थ्य मंत्री का अपने मातहतों पर कोई भी नियंत्रण नही है और यदि है तो फिर इस प्रकार के मानकविहीन अवैध अस्पताल किसके संरक्षण में संचालित हो रहे है यह जांच का विषय है।

## आशा बहुओं के मोटे कमीशन के चक्कर में जाती है बेकसूरों की जान

मानकविहीन अवैध अस्पतालों के संचालन में यदि किसी का सबसे बड़ा हाथ है तो वह है आशा बहुएं जो अपने मोटे कमीशन के चक्कर में गांव के भोली भाली गर्भवती महिलाओ को प्राइवेट अस्पतालों में ले जाती है और उसके बाद इन मरीजों के साथ चाहे जो भी इनसे कोई मतलब नही होता है और यह अपने हिस्से का मोटा कमीशन लेकर किनारे हो जाती है अब सवाल यह उठता है की जब कैम्पियरगंज सरकारी अस्पताल में प्रसव की सुविधा है तो फिर प्रसूता प्राइवेट अस्पताल में क्यों जाती है और जब किसी गर्भवती महिला की जान चली जाती है तब इनका भंडाफोड़ होता है सूत्रों की माने तो यह सब कुछ जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में होता है।

### बलरामपुर पुलिस ने किया बड़ा खुलासा

## शराब के नशे की लत को लेकर कर दी वृद्ध की हत्या, गिरफ्तार

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर।** जनपद पुलिस ने एक सनसनीखेज मामला का खुलासा करते हुए 12 घंटे के अंदर एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। खुलासा में यह बात सामने आई है कि महज कुछ पैसों के लिए आरोपी ने बुजुर्ग महिला की हत्या कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक थाना ललिया क्षेत्र के मटियरिया गांव में गौरिया पहाड़ी नाला के पश्चिमी छोर पर गन्ने के खेत में बृहस्पतिवार को एक वृद्धा का शव मिला। मृतका के दोनों हाथ पीछे की तरफ रस्सी से बंधे पाए गए। मृतका के बेटे की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। गांव मटियरिया निवासी तिर्रे चौहान ने बताया कि उनकी 63 वर्षीय मां लीलावती बुधवार की शाम लगभग चार बजे गौरिया पहाड़ी नाला के पास जलौनी की लकड़ी एकत्र करने गई थीं। देर रात तक वापस न लौटने पर उसने अपनी मां की तलाश शुरू की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चल सका।

बृहस्पतिवार को उसे मां लीलावती का शव पहाड़ी नाला के पास गन्ने के खेत में पड़ा मिला। उनके दोनों हाथ पीछे की तरफ रस्सी से बंधे थे। तिर्रे ने घटना की जानकारी ललिया थाने की पुलिस को दी।

## नेपाली सैलानियों से गुलजार हो रहा है सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर।** सर्दी के मौसम में यहां विदेशी परिंदों का प्रवास रहता है। भगवानपुर जलाशय में नवंबर से जनवरी तक विदेशी पक्षी प्रवास कर प्रजनन करते हैं। खैरमान जलाशय व रजिया ताल में भी विदेशी मेहमानों की अठखेलियां पर्यटकों को अपनी ओर खींचती हैं। यहां पिनटेल, कामनक्रट, मध्य यूरो के गैंडेवाल, कामनटील, तिब्बत, लद्दाख के ब्रहमनी डक व दक्षिण साइबेरिया के नीलसर व लालसर पक्षियों की अठखेलियां देखकर पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। इनकी सुरक्षा के लिए वन कर्मियों को तैनात किया गया है। साथ ही निगरानी के लिए वाच टावर व पेट्रोलिंग ट्रैक की व्यवस्था की जाएगी। नवंबर से अब तक करीब 10 हजार पर्यटक यहां आ चुके हैं। बता दें कि सोहेलवा वन्यजीव ही नहीं बल्कि पक्षियों की दृष्टि से भी काफी समृद्ध जंगल है। यहां पाए जाने वाले पक्षियों को भी अनुकूल वातावरण मिलता है। गत वर्ष देश ही नहीं दुनिया के तमाम पक्षी विशेषज्ञों ने सोहेलवा वन्यजीव प्रभाग में एकत्र होकर पक्षियों का सर्वे किया था। सोहेलवा में पक्षियों की करीब 400 प्रजातियां पाई जाती हैं। इसमें कुछ ऐसी प्रजातियां भी हैं, जो काफी दुर्लभ हैं। 452 वर्ग किमी के क्षेत्र में फैला यह अभयारण्य साल, शीशम, खैर, सागौन (सागौन), आसना, जामुन, हल्दू, फल्दू, धमिना, झिंगन और बहेरा पेड़ों से ढका हुआ है। अभयारण्य में पाए जाने वाले जीवों में तेंदुआ, बाघ, भालू, जंगली बिल्ली, जंगली सूअर और विभिन्न पक्षी शामिल हैं।



सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग भारत–नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित है।सुहेलवा वन्यजीव अभयारण्य जाने के लिए प्रवेश बिंदु जनकपुर तुलसीपुर रेंज और पूर्वी सोहेलवा रेंज परिसर हैं।मालूम हो कि लखनऊ–गोंडा (125 किमी) गोंडा से–बलरामपुर (42 किमी) बलरामपुर–तुलसीपुर–जनकपुर (90 किमी) पर्यटक चित्तौड़गढ़ बांध, भगवानपुर बांध, कोहरगड्डी बांध, चंदनपुर और देवीपाटन मंदिर की यात्रा कर सकते हैं। वही लखनऊ–गोंडा (125 किमी) गोंडा – भिनगा–पूर्वी सोहेलवा रेंज परिसर (110 किमी) पर्यटक सोनपथरी नाला, रजियाताल, खैरमन बांध, रामपुर बांध, मोतीपुर बांध, विभूतिनाथ मंदिर और श्रावस्ती बौध मंदिर की यात्रा कर सकते हैं।

## संक्षिप्त सामाचार

### साहित्यिक संस्था ने शोक गोष्ठी आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

**कर्नलगंज, गोण्डा।** साहित्यिक संस्था बज्मे शामे गजल की तरफ से एक शोक गोष्ठी कर्नलगंज कस्बे के कैलाश बाग रोड पर स्थित एक भवन में अब्दुल गफ्फार ठेकेदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संचालन करते हुए याकूब सिद्दीकी अज्म ने शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। तत्पश्चात संस्था के कवि व शिक्षक अवध राज वर्मा 'करुण' व पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर भावभीनी श्रंद्धाजलि दी गई। संरक्षक गणेश तिवारी 'नेश' ने करुण के व्यक्तित्व पर चर्चा करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। संस्था के महामंत्री मुजीब सिद्दीकी ने करुण के साथ साहित्य प्रेमी अब्दुल खालिक़ अंसारी, कस्बे के बुजुर्ग हाफिज सईद सर्राफ व समाज सेवी चौधरी नाफे राईनी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए खिराजे अक़ीदत पेश किया। अंत में महान अर्थशास्त्री व पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह की सेवाओं को अविस्मरणीय बताते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। गोष्ठी में डॉ.असलम हाशमी, अनीस खां आरिफी, ताज मुहम्मद कुर्बान, कय्यूम सिद्दीकी, हरीश शुक्ल, सगीर सिद्दीकी, सन्तराम सिंह, अजय श्रीवास्तव, अल्ताफ हुसैन राईनी, अधिवक्ता वीरेंद्र तिवारी बेतुक, सलीम बेदिल, वाजिद अंसारी, राजू दुर्रानी, हस्सान जलालपुरी, राशिद अंसारी, इमरान मसूदी, सोनू श्रीवास्तव, दानिश अंसारी व अरसलान सिद्दीकी आदि तमाम लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

### सड़क हादसे में घायल प्रधान लखनऊ में भर्ती, इलाज जारी

**कर्नलगंज, गोण्डा।** गुरुवार की दोपहर सड़क हादसे में लल्ला सिंह प्रधान हीरापुर शाहपुर सहित तीन लोग घायल हो गए थे,जबकि वाहन चालक शुभम शर्मा की दर्दनाक मौत हो गई थी। मिली जानकारी के मुताबिक कर्नलगंज विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत हीरापुर शाहपुर के प्रधान लल्ला सिंह बागेश्वर धाम से वापस लौट रहे थे तभी हमीरपुर–कानपुर मार्ग स्थित कुंदौरा के पास उनका वाहन दुर्घटना ग्रस्त हो गया। सड़क हादसे में वाहन चालक शुभम शर्मा की मौत हो गई जबकि प्रधान लल्ला सिंह,महेश सिंह,जय प्रकाश व नन्हें घायल हो गए। सभी घायलों को हमीरपुर जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया,जहां से डॉक्टर द्वारा कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया।

### जनपद में 06 जनवरी से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**बहराइच ।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जनवरी 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 06 से 25 जनवरी 2025 तक होगा। अन्त्योदय अन्न योजना के कार्डधारकों को प्रति राशन कार्ड 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न (18 कि.ग्रा. चावल 17 कि.ग्रा. गेहूँ) तथा पात्र गृहस्थी योजना कार्डधारकों को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (2.7 कि.ग्रा. चावल तथा 2.3 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण नि:शुल्क किया जायेगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 25 जनवरी 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई–पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें।

## स्व. रामायण राय के आदर्श हमारे लिए मूल्यवानः शशि शर्मा

### स्वतंत्रता सेनानी व पूर्व मंत्री स्व.रामायण राय की पुण्यतिथि मनाई गई।

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कुशीनगर।** नगर पंचायत फाजिलनगर के पटखौली में पूर्व मंत्री, सांसद व स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. रामायण राय की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें असहाय लोगों को कंबल दिया गया। वक्ताओं ने स्व.राय के कृतित्व को याद किया।

मुख्य वक्ता पूर्व विधायक गंगा सिंह कुशवाहा ने कहा कि राजनीति सेवा का माध्यम है। स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास हमारी प्रेरणा है। अमर सेनानियों के त्याग की बदौलत देश आजाद हुआ। पूर्व विधायक डा.पीके राय ने कहा कि राजनीति में शुचिता महत्वपूर्ण है। पुरानी पीढ़ी के आदर्श हमारे मार्गदर्शक हैं।

समय के बदलाव के साथ सामाजिक जीवन चुनौती पूर्ण हुआ है। पूर्व विधायक शशि शर्मा ने कहा कि स्व. रामायण राय के आदर्श हमारे लिए मूल्यवान हैं। हमारे परिवार में शुचिता व सामाजिक जिम्मेदारी का भाव प्रारंभ से रहा है। इसकी शुरूआत दादा स्व. राजवंशी राय से हुई थी। श्रद्धांजलि सभा को सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व प्रधान केदार सिंह, सुरेंद्र राय, अशोक सिंह आदि ने भी संबोधित किया। इससे पहले स्व.राय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। संचालन नंदलाल गुप्ता विद्रोही ने किया। इस दौरान पीके महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विवेक पांडेय, कविंद्र राय,पलटन यादव, अशोक सिंह, सुचिता शर्मा, अनिरुद्ध राय, संजीत राव, धर्मवीर, शिव सागर पांडेय, सुनीता देवी, खुशबुन्नेशा, संगीता देवी, निर्मला देवी आदि मौजूद रहीं।

## ई-फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य को शत प्रतिशत पूर्ण कराने हेतु संबंधित को दिए गए निर्देश

शकुन टाइम्स संवाददाता

**○ ई–फॉर्मर रजिस्ट्री कराने पर योजनाओं का लाभ लेने में होगी आसानी।**

**○ समस्त एसडीएम गण सहित संबंधित अधिकारी गण निभाएं सक्रिय भूमिका : डीएम**

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में ई–फॉर्मर रजिस्ट्रेशन संबंधी एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई। बैठक दौरान जनपद में चल रहे कृषक ई फॉर्मर रजिस्ट्रेशन की समीक्षा दौरान आयोजित होने वाले कैंपों/ सीएससी/ सहज जनसेवा केंद्रों के प्रगति के संबंध में सभी संबंधित से पुछ ताछ की गई। जिलाधिकारी ने इस कार्य से जुड़े कृषि विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर असंतोष व्यक्त करते हुए प्रत्येक दिवस में आयोजित होने वाले कैंपों एवं उसके नामित नोडल अधिकारी सहित पूर्ण विवरण प्रत्येक दिन अपर जिलाधिकारी को प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी पंचायत सचिवों/पंचायत सहायक का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर के माध्यम से शीघ्र करा लें,ताकि रजिस्ट्रेशन की प्रगति को बढ़ाया जा सके। जिलाधिकारी ने ए0आर0 कोऑपरेटिव से समितियों की जानकारी लेने उपरांत निर्देशित किया कि जो कृषक खाद के लिए आ रहे हैं उन सभी को ई फॉर्मर रजिस्ट्री कराने हेतु जागरूक करें।

अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा ने इस अवसर पर ई फॉर्मर रजिस्ट्री के लाभ/हानियों को आम जन में प्रचार प्रसार पर बल दिये जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि जनपद में लगभग 3 हजार सीएससी केंद्र हैं जिसमें सभी को प्रत्येक दिन 30 रजिस्ट्री करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति संबंधित सीएससी/सहज जन सेवा की रजिस्ट्रेशन कैंसिल किए जाने की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशानुसार एक पेड़ माँ के नाम अभियान

### दीवानी न्यायालय में किया गया पौधारोपड़

शकुन टाइम्स संवाददाता



**कुशीनगर।** माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशानुसार व जिला जज सुशील कुमार शशि के निर्देशन में वैश्विक अभियान एक पेड़ माँ के नाम के क्रम में दीवानी न्यायालय कुशीनगर में पौधारोपड़ किया गया।

पौधारोपड़ अभियान की अध्यक्षता जिला जज सुशील कुमार शशि द्वारा किया गया। माननीय जिला जज ने एलेन्थेस नामक पौधा लगाकर इस अभियान की शुरूआत किये। इसी क्रम में जिला जज के बाद माननीय पीठासीन अधिकारी मोटर वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति न्यायाधिकरण जमशैद अली ने भी केसियास्यामिया नामक पौधा लगाया। इसके बाद अपर जिला जज कोर्ट नं0 01 मोहम्मद रिजवान अहमद, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय मो0 आजाद, विशेष न्यायाधीश पाक्सो दिनेश यादव, अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी, अपर जिला जज/एफटीसी सत्यपाल सिंह प्रेमी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विजय कुमार वर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट शान्तनु तंवर, सिविज जज जू0डि0 अजीत कुमार मिश्र, सिविज जज जू0डि0/एफ0टी0सी0 सुन्नद गोयल तथा बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महन्थ गोपाल जी दास द्वारा एक–एक पौधा लगाया गया।

## सरकारी दावे के बाद भी बालिका अपराधों पर नही लग पा रहा अंकुश

शकुन टाइम्स संवाददाता

**गोंडा।** जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार बालिकाओं, महिलाओं से संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के दावे कर रही है और इसके लिए पुलिस टीम अभियान चलाकर बालिकाओं महिलाओं को जागरूक भी कर रही है। लेकिन अपराधियों पर उसका कोई असर नहीं दिख रहा है। जिससे अपराधी लगातार बालिकाओं, महिलाओं के साथ आपराधिक घटनाओं को अंजाम देकर सरकार की छवि धूमिल कर रहे हैं। जिसका जीता जागता उदाहरण जिले में बालिकाओं के साथ घटित हो रही आपराधिक घटनाओं से साफ देखा जा सकता है। जनपद गोंडा के कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव निवासिनी महिला की तहरीर पर पुलिस ने आकाश सिंह निवासी ग्राम लालेमऊ रौतन पुरवा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है कि बीते 29 दिसंबर को वह कुछ आवश्यक कार्य से समीप के चौराहे पर गई थी। उसी बीच आकाश सिंह उसके घर पहुंचे और गलत नियत से उसकी नाबालिक पुत्री को अपने साथ लेकर चले गये। प्रभारी निरीक्षक कर्नलगंज ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। थाना परसपुर अन्तर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने दीपक पाण्डेय निवासी ग्राम पुरैना के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में कहा गया है कि रात्रि करीब 11 बजे शादी करने की नियत से दीपक पाण्डेय उसकी 20 वर्षीय पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ लेकर चला गया है। थानाध्यक्ष परसपुर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। थाना उमरी बेगमगंज अन्तर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति की तहरीर पर पुलिस ने मंथू यादव निवासी असवां माझा थाना टिकैत नगर जनपद बाराबंकी के विरुद्ध बालिका के अपहरण का मुकदमा दर्ज किया है।

## डीएम ने ठंड के मद्देनजर जारी की एडवाइजरी, बन्द कमरे में अंगीठी जलाकर न सोयें

शकुन टाइम्स संवाददाता




**बहराइच।** शीतलहर व ठंड के मौसम में जनसुरक्षा एवं जनस्वास्थ्य के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपदवासियों से अपील की है कि बंद कमरे में अंगीठी जलाकर न सोयें। अंगीठी जलने से हानिकारक गैस निकलती है जो कि मानव शरीर के लिए हानिकारक है।

डीएम ने कहा कि बन्द कमरे में अंगीठी जलाकर सोने से दुर्घटना भी हो सकती है। डीएम ने बताया कि ठंड व शीतलहर को देखते हुए मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश पर ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में 250 से अधिक स्थानों पर अलाव जलवाये जा रहे हैं। अलाव सही समय पर जलें इसके लिए अलावों की जियो टैग फोटो भी मंगायी जा रही है तथा आपदा प्रहरी ऐप के माध्यम से लाईव फोटो भी अपलोड की जा रही है। डीएम ने बताया कि अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहरी से उत्पन्न होने वाली समस्याओं के दृष्टिगत निराश्रित एवं असहाय तथा कमज़ोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों को राहत पहुँचाये जाने के उद्देश्य से जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में मा. जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा 06 हज़ार से अधिक कम्बल का वितरण भी किया गया है। डीएम ने बताया कि जिले में एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व अन्य राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि शाम के समय भ्रमणशील रहकर अलाव व रैन बसेरों की व्यवस्था का जायज़ा लेते रहें तथा ज़रूरतमन्द लोगों को कम्बल का वितरण करें। डीएम ने बताया कि जिले में स्थापित गौआश्रय स्थलों पर संरक्षित गोवंशों को शीत लहर व ठंड से सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से अलाव व तिरपाल की व्यवस्था की गई है तथा उच्चाधिकारियों द्वारा भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया जा रहा है। डीएम द्वारा आमजन को सुझाव दिया गया है कि शीतदंश (फ्रासबाइट) के लक्षणों पर नजर रखे जैसे शरीर के अंगों का सुन्न पढ़ना, हाथों में पैरों की उंगलियों, कान, नाक आदि पर सफेद या पीले दाग उभर आने पर अपने नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें। ठंड में सिर, गर्दन, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढकें। ठंड में फर्श तथा हरे घास पर नंगे पैर न चलें। हाइपोथर्मिया के लक्षणों पर नजर रखें जैसे–असामान्य शरीर का तापमान, याददाश्त का कमजोर होना, बेहोशी असीमित ठिठुरन, थकान तुतलाना इत्यादि जैसी स्थिति उत्पन्न होने पर नजदीकी अस्पताल में सम्पर्क करें। अत्यधिक ठंड/कोहरा पड़ने पर वृद्धजनों तथा बच्चों तथा अकेले रहने वाले पड़ोसियों का ख्याल रखने के साथ–साथ किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन पर सम्पर्क करें। लोगों को अपने आप को सूखा रखने, फिटिंग वाले ऊनी कपड़ों की कई परतें पहनने तथा स्वस्थ भोजन, विटामिन–सी से भरपूर फल और सब्जियां खाएं जाने की सलाह दी गई है ताकि शरीर के तापमान का संतुलन बना रहे।

### सिरसिया पुलिस व एस एस बी ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर किया पैदल गस्त

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया के निर्देशन में इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। महाकुंभ 2025 एवं नववर्ष के दृष्टिगत सीमा क्षेत्र में सघन जांच, बॉर्डर डोमिनेशन और समन्वय बैठकों का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिरसिया क्षेत्र में प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सरोज मय पुलिस,एसएसबी ने भरथा कैंप पर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी की तथा कैंप में लगे वॉच टावर से बॉर्डर एरिया की निगरानी की गई। नो मैन्स लैंड का निरीक्षण किया गया, जिसमें कोई अतिक्रमण नहीं पाया गया। सीमा पार नेपाल के गांवों और व्यक्तियों से जुड़ी जानकारी भी एकत्र की गई। महाकुंभ 2025 के दौरान जनपद में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। नाकों पर व्यक्तियों की सघन जांच और पेट्रोलिंग जारी है।

# सावित्रीबाई फुले जी को दिया जाए भारत रत्न

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** संयुक्त श्रीमाली महासभा द्वारा आज शहर के मां शीतला पैलेस में माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों से गणमान्य लोग और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मडियाहूं विधायक आर के पटेल ने सावित्रीबाई फुले के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा, सावित्रीबाई फुले ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं के लिए मार्ग प्रशस्त किया, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और हमें समानता और न्याय की दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करती हैं। मुख्य अतिथि पप्पू माली ने सावित्रीबाई के योगदान की सराहना करते हुए कहा, महिलाओं की शिक्षा के बिना समाज का विकास अधूरा है, और सावित्रीबाई फुले ने यह बात अपने जीवन और संघर्षों से साबित की। पप्पू माली ने कहा आज समाज को एक होकर समाज के विकास के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा की मशाल जलाकर समाज में व्याप्त ऊंच- नीच छुआछूत, अमीरी- गरीबी आदि कुरीतियों को दूर करने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संयुक्त श्रीमाली महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष छोटेलाल ने कहा, हमारा समाज सावित्रीबाई फुले के दिखाए मार्ग पर चलकर ही समृद्ध और सशक्त हो सकता है। इस प्रकार के कार्यक्रम हमें उनके विचारों से जुड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि सावित्री बाई फूले जी को भारत रत्न दिया जाए, जिससे कि उनके द्वारा समाज के योगदान को कभी नहीं भुला जा सकता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर देव श्रीमाली ने सभी अतिथियों को अंग वस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा इस आयोजन ने सावित्रीबाई फुले के जीवन और योगदान को सम्मानित करने के साथ-साथ समाज में शिक्षा और समानता के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम का आभार जिलाध्यक्ष अनिल श्रीमाली ने किया। रामचंद्र श्रीमाली, रामकुमार माली, सुरेन्द्र श्रीमाली, राजू पंडा, अखिलेश सैनी, आशीष माली, संजय माली, पंचम माली, रवि सैनी, संदीप, संतोष, रतन श्रीमाली, इंज0 अमन सैनी, आदि लोग शामिल हुए।

## राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों का दो दिवसीय कॅरियर गाइडेंस प्रशिक्षण संपन्न

शकुन टाइम्स संवाददाता



**वाराणसी।** समग्र शिक्षा (माध्यमिक) उत्तर प्रदेश के निर्देशनुपालन में जनपद जौनपुर में करियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के अन्तर्गत राजकीय जिला पुस्तकालय जौनपुर के सभागार में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और पंख नोडल शिक्षकों के दो दिवसीय गैर आवासीय कैरियर गाइडेंस प्रशिक्षण 02 जनवरी से 03 जनवरी तक आयोजित किया गया । जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश यादव जिला समन्यवक् डॉ राजन सिंह तथा मास्टर ट्रेनरों ने शुक्रवार को प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए प्रशिक्षण का समापन किया। जनपदीय संदर्भदाता पंकज कुमार (प्रधानाध्यापक राजकीय हाई स्कूल सवायन) द्वारा संप्रेषण और पारस्परिक कौशल पर प्रकाश डालते हुए गतिविधि के माध्यम से संचार शैलियों को विस्तार से बताया गया वहीं दूसरे जनपदीय संदर्भदाता पवन कुमार गुप्ता (प्रभारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज मवई सोंधी) द्वारा टीम वर्क, समय प्रबंधन, तनाव प्रबंधन तथा विभिन्न प्रकार के करियर सम्बन्धी जानकारियां प्रतिभागियों को प्रदान की गई।

प्रशिक्षण में खेल के माध्यम से समायोजन तथा करियर योजना पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला समन्वयक डॉ राजन सिंह के द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कैरियर के प्रति जागरूक करने संबंधी विभिन्न जानकारियां प्रदान की गईं साथ ही सह जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश यादव द्वारा कैरियर गाइडेंस के प्रशिक्षण के उपयोगिता के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा की गई तथा जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने सभी प्रधानाध्यापको से विद्यालय मे कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम के संचालन एवं परीक्षा पे चर्चा 2025 में सभी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं का शत प्रतिशत नामांकन करने हेतु सभी को निर्देशित किया द्य कार्यक्रम में 32 विद्यालयों के प्रधानाचार्य/ प्रधानाध्यापक एवं नोडल शिक्षक आदि उपस्थित रहे।

## सर्व कल्याणार्थ नव दिवसीय श्री राम कथा प्रारंभ



शकुन टाइम्स संवाददाता

**बड़ागांव।** क्षेत्र के कनियर गांव में 3जनवरी से 11 जनवरी तक आयोजित सर्व कल्याण के हितार्थ नव दिवसीय श्री राम कथा का प्रारंभ हुआ। कथा व्यास पूज्य श्री वैष्णव दास जी महराज ने श्री रामचरितमानस की महिमा संत प्रयाग की महिमा का विस्तृत व्याख्या कर भक्ति रस में डूबने पर विवश कर दिया है। इस अवसर पर कथा सुनने के लिए ग्रामीणों का हुजूम उमर पड़ा और बड़े भाव से तथा श्रवण कर भाव विभोर हो रहे थे। बीच-बीच में जय श्री राम के नारे चारों तरफ लग रहे थे।

## लगातार कैम्प लगाकर लोगो को दे रहे है सलाह

शकुन टाइम्स संवाददाता




**जौनपुर।** पूरे देश में तेजी से पांव पसार रहे मधुमेह जैसे रोग को लोगों को बचाने के उद्देश्य से नगर के प्रख्यात चिकित्सा हृदय एवं मधुमेह रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरेंद्र देव सिंह द्वारा लगातार कैंप लगाकर लगभग 20000 से अधिक मरीज को सूअर के बारे में जानकारी दिया साथ ही साथ इससे बचाव के भी उपचार बताए गए इस मामले में जानकारी देते हुए डॉक्टर हरिंदर सिंह ने बताया कि मधुमेह के मरीज के सामने कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं जैसे उनकी आंख से रोशनी कम हो जाती है स्कूलों का प्रत्यारोपण करने में समस्या होती है यदि कोई परीक्षण हो गया तो जल्दी वह हड्डी जुड़ती नहीं है जख्म होने पर जल्दी घाव भारती नहीं है यहां तक की पैर में चोट लगने के कारण मरीजों के पैर तक काटने पड़ जाते हैं इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष हम नहीं लगभग 20000 से अधिक मधुमे रोगियों को इसकी जानकारी कैंप लगा कर दिया जो कि पूरे पूर्वांचल में रिकॉर्ड है इससे पहले एक बार वाराणसी के चिकित्सक द्वारा कैंप लगाकर 10000 रोकने को इसकी जानकारी दी गई थी और उनका चेकअप किया गया था कई ऐसे मरीज हैं जो अपना खेत भी बेचकर मधुमेह का इलाज करने आते हैं प्रत्येक मधुमेह रोगी लगभग हर महीने एक से डेढ़ हजार रुपए तक की दवा खाता है जिसको बचाने के लिए इस तरह के कैंप आयोजित किए गए हैं।

## समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट मऊ द्वारा 60 दिव्यागजनों को कंबल वितरित किया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता




**मऊ।** ब्लाक परदहा परसपुरा निवासी दिव्यांग अभिषेक पांडेय पुत्र लक्ष्मण पांडेय के इकलौते सुपुत्र है कुछ वर्ष पूर्व ट्रेन से गिरने के कारण दोनों पैर खो दिए। लेकिन कभी हौसल नहीं खोए। आज अपने हिम्मत मेहनत से सामाजिक कार्यों में अपनी एक मजबूत पहचान बना चुके है। हजारों लोगों की सोशल मीडिया द्वारा मदद भी कर चुके है। ओर समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट के नाम से इनका एनजीओ भी चलते है और उनके प्रेसिडेंट भी है।

जो जरूरतमंद गरीब असहाय दिव्यांग रक्तदान क्षेत्र में कार्य करते है। इस नए साल पे समर्पण फाउंडेशन ट्रस्ट ने 60 दिव्यांगजनो कम्युनिटी हाल पुलिस लाइन मऊ में कंबल वितरित किये। जिसमें मुख्य अतिथि में बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला दिव्यागजन अधिकारी, और नगर पालिका अधिकारी मौजूद रहे। और दिव्यांग अभिषेक के सामाजिक कार्यों की खूब सराहना किए। साथ समर्पण फाउंडेशन के सदस्य व पदाधिकारी अभिषेक पांडेय, प्रिंस पांडेय, श्वेतांक पांडेय, अभिषेक यादव, राजकपूर, राहुल सिंह, गुल्लू,अविनाश प्रजापति व अन्य सभी मौजूद रहे। समर्पण फाउंडेशन ने सभी का बहुत बहुत आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त सामाचार

### लूट के मामले में 12 लोग हिरासत में पूछताछ जारी

**केराकत/जौनपुर।** कोतवाली पुलिस को नए साल के पहले ही दिन हौसला बुलंद अज्ञात नकाबपोश तीन बदमाशों ने चुनौती दे डाली थी। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के झमका ब्रह्माणपुर गांव निवासी आशुतोष भारद्वाज से असलहे के बल पर डेढ़ लाख की लूट कर ली, और बदमाश भागने में सफल हुए थे।

केराकत पुलिस और एसओजी टीम ने 12 लोगों से ज्यादा हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। घटना की मॉनिटरिंग केराकत सीओ के छुट्टी जाने से सीओ सीटी कर रहे हैं। बुधवार को आशुतोष भारद्वाज अपने घर से साइकिल पर सवार होकर नदौली डेडुवाना स्थित अपने दुकान सहज जन सेवा केंद्र पर जा रहे थे। झमका-डेहरी डेडूवाना मोड़ के पास तीन नकाबपोश हौसला बुलंद बदमाशों ने उन्हें असलहे के बल पर रोक लिया और उनका बैग लूटकर फरार हो गए। बैग में डेढ़ लाख रुपए नगद और लैपटॉप लेकर फरार हो गए थे। वही ग्रामीणों ने बाइक से बदमाशों का पीछा किया। इसके बाद बदमाश बैग से पैसा निकालकर, लैपटॉप और बैग सड़क के किनारे फेक फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी रही ।इसके बाद पुलिस लूट की घटना का पर्दाफाश करने के लिए लगातार जगह-जगह दबिश देकर हिरासत में लेकर पूछताछ में लगी हुई है। केराकत पुलिस लूट कांड का पर्दाफाश जल्द ही करेगी।

### शराबी ने मां बेटी से की अश्लील हरकत

**केराकत/जौनपुर।** केराकत कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में एक शराबी ने मां बेटी के साथ अशोभनीय व्यवहार कर इलाके में सनसनी फैला दी है। घटना उस समय की है जब मां बेटी दुकान से सामान लेकर घर लौट रही थी। रास्ते में पहले से घात लगाए एक शराबी ने गाली-गलौज करते हुए अश्लील बातें कहते हुए हाथ पकड़ लिया, किसी तरह मां बेटी उसके चंगुल से भाग निकली और आप बीती घर के परिजनों को बताई। घटना से आहत मां बेटी ने तुरंत कोतवाली पहुंचकर पुलिस को अपनी आप बीती सुनाई और न्याय की गुहार लगाई।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
देश के प्रतिष्ठित समाचार पत्र में पत्रकार बनकर मान सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त करने का सुनहरा अवसर
देश एवं प्रदेश के सभी जिलों में अनुभवी व गैर अनुभवी राज्य प्रभारी, जिला प्रभारी, तहसील प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर पर संवाददाता एवं प्रसार प्रतिनिधियों की आवश्यकता है।
हमशे जुड़ने के लिए सम्पर्क करें
शीघ्र सम्पर्क करें : 9935781155, 9506320127

## वर्दी में शराब खरीदता नजर आया सिपाही चखने का पैसा न देने पर बवाल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जलालपुर,जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र जलालपुर थाना के पुलिसकर्मी इन दिनों अपने विवादित कारनामों को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में दो सिपाहियों को अनुशासनहीनता के आरोप में लाइन हाजिर किया गया था, लेकिन कुछ पुलिसकर्मी अपने रवैये में सुधार नहीं ला रहे हैं। ताजा मामला जलालपुर थाना क्षेत्र के त्रिलोचन बाजार स्थित एक शराब के ठेके का है, जहां एक सिपाही वर्दी में शराब खरीदते हुए देखा गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सिपाही ने शराब की दुकान पर पहुंचकर शराब खरीदी और वहीं चखने का ऑर्डर भी दिया। जब दुकानदार ने चखने का पैसा मांगा, तो सिपाही ने इसे देने से इनकार कर दिया। इस पर दुकानदार और सिपाही के बीच बहस शुरू हो गई, जो कि सीसीटीवी कैमरे एंव वहां मौजूद लोगों ने अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। अब वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया है। दुकानदार ने कहा, सिपाही ने न सिर्फ वर्दी में शराब खरीदी, बल्कि चखने का पैसा देने से भी इनकार कर दिया। जब मैंने पैसे की मांग की, तो उन्होंने धमकी देने का प्रयास किया। इस घटना के बाद पुलिस विभाग की आलोचना शुरू हो गई है। लोगों का कहना है कि सिपाही का ऐसा आचरण अनुशासनहीनता की पराकाष्ठा है, जो पुलिस विभाग की छवि को धूमिल कर रहा है।

## बुजुर्ग हमारा स्वाभिमान और धरोहर है इनका सम्मान करें- बेसिक शिक्षा अधिकारी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा अधिकारी जौनपुर डा गोरखनाथ पटेल ने अपनी पूरी टीम के साथ वृद्धआश्रम सुखखिपुर पहुँच कर बुजुर्गो के साथ नया साल मनाया। सभी बुजुर्गो का हाल पूछा और सभी के लिए भोजन की व्यवस्था की। साथ ही साथ सभी बुजुर्गो में चवनपराश वितरित किया गया ।बेसिक शिक्षा अधिकारी ने वृद्धआश्रम में गर्म पानी की व्यवस्था के तौर पर गीजर और 50लीटर के आर ओ की व्यवस्था की ।बीएसए के इस कार्य से बुजुर्गो के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई और उनके द्वारा पूरी टीम और बीएसए को दिल से दुआएं,आशीर्वाद और नव वर्ष की मंगल कामनाएं की गई। डा गोरखनाथ पटेल ने कहा कि हमें अपने बुजुर्गो को कभी भी नहीं भूलना चाहिए और उनकी सेवा करनी चाहिए ।बड़े बुजुर्गो का आदर करना हमारी संस्कृति का हिस्सा है ।इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल,वित्त एवंम लेखाधिकारी बेसिक राजू कुमार पांडेय, वरिष्ठ सहायक विंध्यवासिनी उपाध्याय (पंकज), ए आर पी राजू सिंह,विजय शर्मा,डी सी विशाल उपाध्याय,डीसी रज़ा हसन, डीसी दुर्गेश पटेल,डीसी शैलेन्द्र गुप्ता, डीसी शशि धर उपाध्याय, अजय यादव, एसआरजी अजय मौर्या, एसआरजी कमलेश यादव व अन्य मौजूद रहे।

## माता सावित्री फुले बाई के जन्मदिन पर ग्राम पंचायत गुतवन में भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### 2027 में बनेगी पीडीए की सरकार- मछली शहर सांसद प्रिया सरोज

शकुन टाइम्स संवाददाता





**मडियाहूं/जौनपुर।** स्थानीय क्षेत्र के विकासखंड मडियाहूं के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुतवन के बिधानसभा जफराबाद/लोकसभा मछलीशहर में माता सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस के अवसर पर गुतवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद प्रिया सरोज के साथ पूर्व सांसद/ विधायक केराकत तुफानी सरोज रहे।

आपको बताते चलें कि उक्त अवसर पर अपने विचारों को रखते हुए सांसद प्रिया सरोज ने बताया कि आज भाजपा सरकार में हत्या, लूट,चिनैती, बलात्कार आम बात हो गई है।


खासकर महिलाओं की प्रति दम भरने वाली बीजेपी सरकार आज घुटने के बाल दिख रही है। महिलाएं कहीं सुरक्षित नहीं है आए दिन उनके साथ क्या हो रहा है यह सभी लोग जानते हैं। भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जनता उठ चुकी है। इसलिए वह 2027 में पीडीए की सरकार बनाने के लिए अभी से पूरे दम काम के साथ जनता खड़ी है। हम लोगों को केवल पीडीए के बारे में आम जनमानस को जागृत कर उनके अंदर देश के प्रति निष्ठा ईमानदारी पैदा करनी है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉक्टर अवधनाथपाल ,कैलाश यादव प्रमुख,डॉक्टर सरफराज चेयरमैन जफराबाद, इंदुसिंह, पूनम मौर्य,रामू मौर्य बिधानसभा अध्यक्ष मड़ियाहूँ, अर्जुन पाल प्रधान,अनिल दुबे ,सुबेदार राजभर,सुरेंद्र राजभर, अवधेश राजभर,

तहसीलदार राजभर, लालचंद यादव प्रधान, विजय यादव ब्लॉक अध्यक्ष जलालपुर, कमलेश यादव, शिवशंकर पटेल ब्लॉक अध्यक्ष रामनगर,

रमेश यादव प्रधान, रवि यादव, राममनोहर मौर्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामराज मौर्य ने किया। कार्यक्रम के संयोजक रवि यादव प्रधान, ओमप्रकाश यादव प्रधान, रामआसरे यादव, धर्मेंद्र यादव रहे।

## दलित मजदूर किसान मोर्चा महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनीं सलोनी देवी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सासाराम/रोहतास।** दलित मजदूर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद यादव ने दलित मजदूर किसान मोर्चा महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर श्रीमती सलोनी देवी को मनोनीत किए हैं और आशा और उम्मीद है कि इनके आने से संगठन को मजबूती मिलेगी।

सलोनी देवी दलित मजदूर किसान नौजवान युवाओं के ज्वलंत मुद्दों को लेकर मजबूत रूप में हमेशा संघर्ष कर रही है। पूर्व सांसद प्रत्याशी बासुकीनाथ साह, मंत्री जनक राम, दमकिमो के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रेखा रंजन, जिला अध्यक्ष रमेश कुमार, पुर्व जिला अध्यक्ष डॉ उमेश कुमार, शत्रुघ्न कुमार अधिवक्ता, बिबेका देवी, सुनीता देवी, अनीता देवी, गीता देवी, रुकसाना खातुन, मो मसीर राम, पुकार ठाकुर, शिव शंकर साह, मुकेश राम, सुनील राम सहित कई अन्य लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी है। दमकिमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद यादव ने कहा कि सलौनी देवी काफी कर्मठ जुझारू कार्यकर्ता है। वही सलोनी देवी ने दलित मजदूर किसान मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी को आभार प्रकट किया। उन्होंने मोर्चा के द्वारा दी गई जिम्मेदारी को शत प्रतिशत खरा उतरने की बात कहीं और कहा की अभी हम रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) की बिहार महिला प्रदेश अध्यक्ष पद पर रह कर पार्टी को मजबूत कर रहीं हूं। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) बिहार विधानसभा चुनाव सभी सीटों पर लड़ेगी।

# लंबी कूद में अनुराग डेढ़गावां और ऊँची कूद में राजन नई बाजार बने विजेता

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय नईबाजार में उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के तत्वावधान में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख सकलडीहा अवधेश सिंह व बीडीओ विजय कुमार ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन करके किया। अतिथि द्वय ने बच्चों को खेल के प्रति जागरुक एवं प्रोत्साहित करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं व पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता को लेकर सुबह से ही छात्र छात्राओं में काफी उत्साह रहा।सब-जूनियर बालक वर्ग लंबी कूद में अनुराग डेढ़गावाँ और ऊँची कूद में राजन नई बाजार विजेता बने। वही फुटबॉल बालिका वर्ग में नईबाजार प्रथम व भाला प्रक्षेप में भी नईबाजार के राजन ने बाजी मारा। कबड्डी में नरैना ने जीत हासिल किया। सब जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर में आस्था जमुनीपुर,जूनियर बालक वर्ग 100 और 200 मीटर में अभिषेक मनियारपुर, 400 मीटर में विजय डेढ़गावाँ,1500 मीटर में दुर्गेश ककरही, लम्बी कूद प्रभुनारायन अलहिया, ऊँची कूद कृष्णा खोर, चक्का प्रक्षेप बिट्टू जामडीह, गोला प्रक्षेप करन पौरा, कबड्डी जमुनीपुर, कुश्ती में 57 किलो भार में राहुल, 61 किलोभार में राज और 65 किलोभार में बालाजी ने जीत हासिल किया।

जूनियर बालिका वर्ग 100 मीटर व 200 मीटर में वैशाली जमुनीपुर, 400 मीटर और 800 मीटर में मनीषा जमुनीपुर विजेता रही। सीनियर बालक वर्ग 100 मीटर आलोक जमुनीपुर जीत हासिल किया।सीनियर बालिका वर्ग 100 मीटर, 200 मीटर,400 मीटर और 800 मीटर व लम्बी कूद में आँचल पौरा विजेता रही। कबड्डी में सकलडीहा विजेता रहा। इस मौके पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी रजनीश पांडेय,जिला युवा कल्याण अधिकारी धर्मेंद्र कुमार, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अनिश सिंह, राजन कुमार यादव, सचिव संजय यादव, खेल शिक्षक अरुण रत्नाकर, देवेंद्र सिंह, जमील अहमद, चंद्रशेखर, पंचम, रामअवध, मिथिलेश, चंदन, चंद्रभान आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने किया कार्यालयों का औचक निरीक्षण, दिया निर्देश

शकुन टाइम्स संवाददाता



**गाज़ीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर, सचिवालय, नजारत व अभिलेख कक्ष का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने पृथक-पृथक समस्त पटलो, फाईलो का रख-रखाव, साफ-सफाई, प्रेरणा कैटींन, लाईट की व्यवस्था, इनवर्टर एवं जनरेटर की व्यवस्था के साथ उपस्थिति रजिस्टर, स्वच्छ पेयजल, शौचालय की व्यवस्था को देखा। उन्होने सचिवालय का उपस्थिति रजिस्टर को चेक किया तथा रखे फाईलो एवं कार्यालय की साफ-सफाई का निर्देश दिया।

उन्होने निर्देशित किया कि किसी भी पटल पर प्राप्त फाईलो का निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण किया जाए। जिससे किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की परेशानी व दिक्कतो का सामना न करना पडे। उसके उपरान्त कलेक्टेट परिसर में बनाये गये रिकार्ड रूम पहुचकर वहा रखे गये प्रपत्रो की जॉच की तथा अभिलेखो को सुसज्जित ढंग से रखने का निर्देश दिया ताकि किसी भी फाईलो को ढूढने मे आसानी रहे। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वि0रा0 दिनेश कुमार, मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी, उपजिलाधिकारी चन्द्रशेखर यादव, उपजिलाधिकारी हर्षिता तिवारी, उपजिलाधिकारी सालिक राम, उपजिलाधिकारी लोकेश एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मेगा कैम्प में चेकिंग में 48 लोगो कि कटी बिजलीं,पांच पर मुकदमा दर्ज

**चहनियाँ/चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के मथेला फीडर से जुड़े महुआरीखास में शुक्रवार को बिजलीं विभाग व विजिलेंस टीम द्वारा ओटीएस के तहत मेगा कैम्प के दौरान चहनियां अवर अभियंता सुभाष यादव के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया । जिसमें बिजलीं बकाया में काफी लोगो का बिजली सप्लाई काट दी गयी वही बिजलीं चोरी व 1 लाख से ऊपर पर पांच के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है । जिसे लेकर गांव में हड़कम्प मचा हुआ है। चहनियां विद्युत उपकेंद्र द्वारा मथेला फीडर से जुड़े महुआरीखास गांव में एक मुश्त समाधान योजनांतर्गत मेगा बिजली कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमे पूरे गांव के उपभोक्ताओं का बिजलीं चेक किया गया। चेकिंग के दौरान बिजलीं बकाया में 48 लोगो की बिजली सप्लाई काट दी गयी। जिनका एरियर 12 लाख रुपये था।

जिसमे 42 हजार रुपये की वसूली भी हुई है। 135 बी के तहत बिजलीं चोरी में दो उपभोक्ताओं के खिलाफ व 138 बी के तहत 1 लाख से ज्यादा बकाया पर तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज हुआ है। जिसे लेकर गांव में हड़कम्प मचा रहा ।इस दौरान अवर अभियंता ने कहा कि बिजलीं विभाग द्वारा चेकिंग अभियान लगातार चलाया जायेगा ।शनिवार को लोलपुर गांव में अभियान चलाया जायेगा। जिनका बकाया है ओटीएस के तहत जमा कर दे अन्यथा सप्लाई काटने के साथ ही विभगीय कार्रवाही भी किया जायेगा। इस दौरान एसडीओ सतीश कुमार सहित विजिलेंस टीम व कर्मचारी मौजूद रहे ।

### अधिकारियों के सुस्ती से लाखों के उपकरण हो रहे बेकार

**सकलडीहा।** ब्लाक अंतर्गत बढ़वल खास ग्राम सभा के अमृत ओवर के किनारे लाखों रुपए की लागत से लगाए गए उपकरण बेकार साबित हो रहे हैं। जहां इन उपकरणों की रखरखाव की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कई उपकरण जमीन से उखड़ चुके हैं। जिन्हें कभी भी चोरी की घटना का शिकार भी होना पड़ सकता है। वही ग्रामीणों ने बताया कि जब से यह उपकरण अमृत सरोवर के किनारे अधिकारियों द्वारा लगाए गए हैं तब से ग्राम सभा के साथ-साथ अन्य ग्राम सभाओं के बच्चे औरतें और पुरुष इन उपकरणों के माध्यम से व्यायाम कर अपनी स्वास्थ्य को बनाने का कार्य भी करते हैं।

वही गर्मी के समय में गांव के बच्चे इन उपकरणों से खेलकूद का लाभ लेते हुए आनंदित भी होते हैं। परंतु इन उपकरणों की सुरक्षा के दृष्टिगत समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण कुछ उपकरण खराब भी हो रहे हैं। वही ग्रामीणों को यह आशंका है कि अगर उनकी निगरानी नहीं की गई तो कभी भी यह उपकरण चोरी की घटना का शिकार भी हो सकते हैं। इस संबंध में ग्रामीणों का खंड विकास अधिकारी से यह गुहार है कि इन उपकरणों के रखरखाव के साथ निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिससे सरकार द्वारा ग्रामीणों के हित को देखते हुए यह उपकरण लगाए गए हैं। उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो तथा ग्रामीण भी इन अपनों का सदुपयोग करते रहे।

### महामाया बौद्ध सरोवर महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**चन्दौली/इलिया।** सैदूपुर स्थित महामाया बौद्ध सरोवर बिहार पर प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का जन्मदिवस हर्षोल्लास के बीच मनाया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सावित्रीबाई फुले ने ऐसे समय में महिला शिक्षा का अलग जगाया जब देश में महिलाओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित रखा जाता था। उन्हें सिर्फ घूंघट की ओट में रहकर घरों के अंदर के कामकाज तक ही सीमित रखा गया था। बाहर की दुनिया और साक्षरता से उनका कोई लेना देना नहीं था। रूढ़िवादी परंपराओं को तोड़ते हुए सामाजिक यातनाओं को झेलकर जिस तरह से सावित्रीबाई फुले ने महिला शिक्षा का अलग जगाया उसका परिणाम आज देखने को मिल रहा है। उनके द्वारा शिक्षा के दिखाए गए रास्ते पर चलकर महिलाएं आज पुरुषों से किसी भी मामले में कम नहीं है।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
info.shakuntimes@gmail.com www.shakuntimes.com shakuntimes
आत्मनिर्भर भारत
बनें अपने शहर, अपने क्षेत्र की आवाज
उठाएं आमजन की समस्याएं, बेनकाब करें भ्रष्टाचारियों को
विकास के मुद्दो में दे अपना योगदान और करें आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार
आपकों अवसर देता है मीडिया क्षेत्र में करियर बनाने का
रिपोर्टर्स की आवश्यकता है
सम्पर्क सूत्र
9935781155, 9506320127

# डीपीए के मण्डल सचिव बने राजीव



शकुन टाइम्स संवाददाता

**चहनियां/चंदौली।** डिप्लोमा फार्मासिस्ट एशोसिएशन के प्रदेश नेतृत्व ने वाराणसी मण्डल का सचिव राजीव श्रीवास्तव को नियुक्त किया है । इसे लेकर लोगो मे हर्ष व्याप्त है । चहनियां क्षेत्र के बीसापुर गांव के रहने वाले राजीव श्रीवास्तव गाजीपुर में अधीन सीएमओ गाजीपुर में तैनात है । शीर्ष पदाधिकारियों द्वारा चयन को लेकर चन्दौली फार्मासिस्ट एशोसिएशन व क्षेत्र के उदय प्रताप सिंह,अजय कुमार चौबे,रामजी मोदनवाल,गोपाल गुप्ता,शिवलाल जायसवाल,डॉ. बीरेंद्र यादव,आनन्द सिंह,जयशंकर जायसवाल,मुकेश सिंह,ओमप्रकाश गुप्ता,विजय गुप्ता आदि लोगो मे हर्ष व्याप्त है ।

# फोरलेन सड़क में लापरवाह कर्मियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

शकुन टाइम्स संवाददाता



- विगत एक वर्ष से कस्बा के लोग हैं परेशान
- जल्द समस्या से निजात नही मिला तो करेंगे चक्काजाम

**चहनियां/चंदौली।** चहनियां से चन्दौली तक हाइवे निर्माण में लगे चहनियां कस्बा में एपको कम्पनी के कर्मचारी अब हद कर दिये है। दर्जनों घरों के सामने विगत एक वर्ष से गड्ढा करके छोड़कर फरार हो गये है। कई बार शिकायत के बाद भी सुनवाई न होने पर कस्बा के लोग व्यापार मंडल महामंत्री के नेतृत्व में प्रदर्शन कर कम्पनी के अधिकारीयो को तीन दिन के अंदर कार्य पूर्ण न होने पर व्यापार मंडल के लोग चक्का जाम करने की चेतावनी दिया। चन्दौली से चहनियां क्षेत्र के तीरगांवा तक फोरलेन हाइवे का निर्माण कार्य चहनियां कस्बा में विगत एक वर्ष के ऊपर से चल रहा है किंतु कस्बा थोड़ा में थोड़ा कार्य करने के बाद छोड़कर दूसरी तरफ कम्पनी के लोग चले जा रहे है ।एक तरफ कार्य मे सुस्ती से कस्बा के व्यापारियों का धंधा चौपट हो रहा है तो दूसरी तरफ लोगो को घरों में आने जाने में परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है। बिखरी गिट्टिया बड़ी वाहनों के पहियों से लगकर लोगो के दुकानों में लगे शीशा से टकराकर नुकसान पहुँचा रहा है। कई बार अधिकारीयो से गुहार लगाने के बाद भी सुनवाई नही होने पर कस्बावसीयो ने प्रदर्शन कर चक्काजाम करने की चेतावनी दिया है ब्यापार मण्डल चहनियां के महामंत्री रामबिलास गुप्ता ने कहा कि किसी कार्य की एक हद होती है। कम्पनी वालो का क्या है उनका तो करोड़ो का ठिका है पर जो लोग रोज कुंआ खोदते है रोज पानी पीते है उनका तो धंधा चौपट हो रहा है। ऊपर से लोगो को घरों में आने जाने में कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ये कम्पनी के लोग नही समझते है । यदि जल्द समस्या का समाधान नही हुआ तो तीन दिन के अंदर व्यापार मंडल के लोग चक्काजाम करने को बाध्य होंगे ।

# नारी मुक्ति आंदोलन में हिस्सा लेने वाली पहली महिला शिक्षिका थीं सावित्री बाई फूले: सत्येंद्र

## समारोह पूर्वक मना सावित्री बाई फूले का जन्मदिन

शकुन टाइम्स संवाददाता



**धानापुर।** क्षेत्र के डबरिया गांव स्थित सम्यक बुद्ध विहार मे भारत कि पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले का शुक्रवार को जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने बताया कि सावित्रीबाई फुले का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। पहले के समय में दलितों और पिछड़ो शुद्रो को शिक्षा आदि से वंचित रखा जाता था, लेकिन सावित्रीबाई फुले ने इन सब कुरीतियों से लड़कर अपनी पढ़ाई जारी रखी। अपने समाज में छुआ-छूत का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने इन सबसे हार न मानकर अपनी शिक्षा जारी रखी। इसके बाद उन्होंने अहमदनगर और पुणे में अध्यापक बनने की ट्रेनिंग पूरी की और बाद में अध्यापिका बनीं। मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सत्येंद्र मौर्य ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सावित्रीबाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 महाराष्ट्र के सतारा जिले के एक गांव में हुआ था। उन्हीं को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष इस दिन को सेलिब्रेट किया जाता है। सावित्रीबाई फुले को समाज सेविका, नारी मुक्ति आंदोलन में हिस्सा लेने वाली और देश की पहली अध्यापिका के रूप में जाना जाता है। सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं के लिए भी लम्बी लड़ाई लड़ी और उनकी स्थिति में सुधार के लिए बहुत योगदान दिया है। वरिष्ठ नेता हेमंत कुशवाहा ने कहा कि सावित्रीबाई फुले जब 9 वर्ष की थीं तब उनका विवाह कर दिया गया।

उनका विवाह ज्योतिबा फुले के साथ हुआ था, विवाह के समय उनकी आयु 13 वर्ष थी। अपनी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर 1848 में पहला महिला स्कूल खोला। इसके बाद उन्होंने देशभर में कई अन्य महिला विद्यालयों को खोलने में मदद की। उनके इस कार्य के लिए ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी ने उन्हें सम्मानित किया था। कार्यक्रम मे चार सौ से अधिक गरीबो को कम्बल का वितरण गणेश प्रसाद जिला पंचायत सदस्य के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से अंगद प्रधान, डॉ हँसलाल, भंते बुद्ध हंस, भंते बुद्ध ज्योति, पारस नाथ कुशवाहा, गणेश प्रसाद, प्रदुम सिंह, सुखराज मौर्य, डॉ चन्द्रिका, प्रेमचंद मौर्य, डॉ रामाशीष यादव, स्व बाबूलाल लोहार, लालता कन्नौजिया, शैल मौर्या, गीता देवी,श्रवण कुशवाहा, पप्पू राजा सहित अन्य वक्ताओं ने अपना विचार व्यक्त किया।

# दस घंटे से ठप बिजली व्यवस्था पांच फिडरों के लाखों लोग परेशान

शकुन टाइम्स संवाददाता



**सकलडीहा।** ग्रामीण उपकेंद्र से सम्बंधित गांवो में देर रात अंधेरा छा गया है। 33 हजार बोल्ट में अचानक आई इस खराबी से लोगो को रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। वही सुबह नित्य क्रिया के लिए पानी के लिए भटकना पड़ा।साथ ही गेंहू की सिंचाई बाधित हुई। बिजलीं आधारित काम ठप हो गए। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे आपूर्ति बहाल हो पायी। सकलडीहा ग्रामीण उपकेंद्र से कुल पांच फीडर सकलडीहा सेकेंड, कमालपुर, चहनिया, नोनार और कुछमन संचालित होते है। इन फीडरों से सैकड़ो गांवो के लाखों लोगों को आपूर्ति दी जाती है। लेकिन गुरुवार की देर रात 2 बजे बिजलीं कट गई।जो सुबह तक नही आई। इससे ठंड के दिन में रात अंधेरे में गुजारनी पड़ी। सुबह बच्चो को स्कूल के लिए तैयार करने में काफी कठिनाइयां लोगो को उठानी पड़ी वही घरों का पानी भी खत्म हो गया। जिससे नित्य क्रिया के लिए लोगों को भटकना पड़ा। ग्रामीणो का कहना था कि बिजलीं निगम को तो बिल समय से चाहिए लेकिन लोगों की सुविधाओ को लेकर लापरवाह बने रहते है।करीब 10 घंटे बाद दोपहर 12 बजे आपूर्ति बहाल हो पायी।

बिजलीं विभाग के अधिकारियों के मुताबिक 33 हजार में खराबी आने से यह दिक्कत हुई।

# रिमांड पर लिए अभियुक्तों के निशानदेही पर पिस्टल कारतूस के साथ अन्य सामान बरामद

शकुन टाइम्स संवाददाता



**चंदौली/सकलडीहा।** सकलडीहा तहसील के थाना बलुआ पुलिस टीम द्वारा मा0 न्यायालय से रिमाण्ड पर लिए गये अभियुक्तगण से लूट की 01 पिस्टल व 11 जिन्दा कारतूस व अन्य सामान बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक आदित्य लांहे द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध अंकुश लगाने के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक सदर विनय कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी सकलडीहा रघुराज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक डा0 आशीष कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में निरीक्षक अपराध रमेश यादव मय हमराह के साथ थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 232/24 धारा 310(2), 311 बी एन एस से सम्बन्धित लूटी गई 01 पिस्टल मय 11 जिन्दा कारतूस , 01 आधार कार्ड, 01 पैन कार्ड, 01 निर्वाचन कार्ड माननीय न्यायालय से पुलिस रिमाण्ड पर आये अभियुक्तगण 1. विकास सिंह पुत्र आनन्द सिंह 2. अभिषेक सिंह उर्फ टिंकू पुत्र मनोज सिंह निवासीगण ग्राम सराय 3. अभय सिंह पुत्र रमेश सिंह निवासी ग्राम कैथी फुलवरिया थाना बलुआ जनपद चन्दौली के निशादेही पर दिनांक 03.01.2025 को समय 12.30 बजे तिरगावाँ बैरियर से गंगा नदी की तरफ जानें वाले कच्चे रास्ते के पास से बरामद कर आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। इसके उपरांत अभियुक्तगण को पुनः माननीय न्यायालय रवाना किया गया। पूर्व की घटना दि0 21.11.2024 की शाम 08.40 बजे वादी अभिषेक सिंह पुत्र रमाशंकर सिंह निवासी डेरवा कला थाना अलीनगर जनपद चन्दौली के द्वारा बताया गया कि आजमगढ़ से वापस अपनें घर जा रहे थे। तभी दौलतपुर नहर के पास अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा अपनें साथियों के साथ मिलकर अभिषेक सिंह उपरोक्त से उनकी लाइसेंसी 01 पिस्टल व 11 कारतूस मय कागजात के छीन लिया गया था। जिसके सम्बन्ध में वादी से प्राप्त तहरीर को आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 232/24 धारा 310(2), 311 बी एन एस में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 डा0 आशीष कुमार मिश्र, नि0 अ0 रमेश यादव, उ0नि0 जमीलूद्दीन खान, का0 तरूण पाण्डेय, उ0नि0 चन्द्र प्रताप सिंह थाना बलुआ जनपद चन्दौली मुख्य रूप से शामिल रहे।

# जिलाध्यक्ष के आश्वासन पर धरना हुआ समाप्त

शकुन टाइम्स संवाददाता



**जमानिया।** भाजपा जिला अध्यक्ष सुनील सिंह के निर्देश पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के मौजूदा मुखिया द्वारा सफाई कर्मचारी संतोष रावत के माध्यम से कराए गए फर्जी दलित उत्पीड़न मामले के विरोध में चल रहे धरने को शुक्रवार को स्थगित कर दिया।

धरना स्थल पर जिला नेतृत्व द्वारा अधिकृत पदाधिकारियों पूर्व विधायक प्रतिनिधि परीक्षित सिंह, रामशंकर उपाध्याय, और अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने आंदोलनकारियों को भरोसा दिलाया कि मामले में न्याय के लिए प्रयास जारी रहेंगे। इसके पश्चात, पूर्व सभासद नारायण दास चौरसिया के नेतृत्व में आठ दिनों से चल रहे धरने को समाप्त करने की घोषणा की गई। पूर्व विधायक प्रतिनिधि परीक्षित सिंह ने कहा कि जिला नेतृत्व पर भरोसा रखते हुए आंदोलन को स्थगित किया जा रहा है। मौके पर बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से रमाशंकर उपाध्याय, रविंद्र राय, अरविंद सिंह, अवधेश सिंह, मदन राम, व्यापार मंडल अध्यक्ष सतीश जायसवाल, सभासद सुरेंद्र चौधरी साहू, विकास जायसवाल, अंजनी गुप्ता, पूर्व सभासद वृजेश जायसवाल, वीरेंद्र सिंह मौर्या, पंकज निगम, संतोष वर्मा, विपिन श्रीवास्तव, और कई अन्य शामिल थे। कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने स्पष्ट किया कि दलित उत्पीड़न के फर्जी मामले को समाप्त कराने के लिए प्रशासन से संपर्क किया गया है और जल्द ही समाधान की उम्मीद है। धरना स्थगन के मौके पर उपस्थित जनसमूह ने आंदोलन को समर्थन देने के लिए पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया और न्याय के लिए संघर्ष जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

# अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सुविधा पहुंचाने को सरकार प्रयत्नशील: योगी

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में अंतिम पायदान के व्यक्ति तक सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास होना चाहिए। सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता से प्रयत्नशील है। सरकार का यह संकल्प है कि भीषण शीतलहर में कोई भी व्यक्ति खुले में सोने और ठंड से ठिठुरने को मजबूर न हो। इसके लिए आश्रय गृहों की व्यवस्था, कंबल वितरण सहित सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। सीएम योगी शुक्रवार पूर्वाह्न ट्रांसपोर्ट नगर में नगर निगम द्वारा 2 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से बनाए गए नवीन आश्रय गृह (रैन बसेरा) का लोकार्पण करने और गरीबों-असहायों के बीच कंबल व भोजन पैकेट वितरित करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच रैन बसेरे के लोकार्पण और यहां उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि भीषण शीतलहर में आश्रयविहीन को आश्रय मिल जाए, यह सबसे बड़ा पुण्य है। ट्रांसपोर्ट नगर के रैन बसेरे से पहले शहर में कई आश्रय गृह पहले से संचालित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में जरूरतमंद लोगों को भीषण ठंड से बचाने के लिए राजस्व विभाग के माध्यम से सभी जिलों को कंबल वितरण के लिए पर्याप्त धनराशि जारी की गई है। हर जिले में जनप्रतिनिधियों के सहयोग से पर्याप्त संख्य में कंबल वितरण हो रहे हैं। इसमें धर्मार्थ संस्थाएं भी आगे आई हैं। यह सबकी जिम्मेदारी होती है कि हम हर जरूरतमंद व्यक्ति की विपत्ति में उसके साथ खड़े रहें। सीएम योगी ने कहा कि कुछ दिनों तक शीतलहर का यह दौर जारी रह सकता है। ऐसे में हमें स्वस्थ जीवन के लिए सबको सावधानी और बचाव के उपायों के प्रति लोगों को प्रेरित करने की जरूरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन-प्रशासन ने आश्रय गृहों की व्यवस्था दी है। खुले में आसमान के नीचे, सड़क के किनारे फुटपाथ पर कोई खुले में न सोए, यह देखना जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की भी जिम्मेदारी है। यदि कोई बाहर से आया आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति, मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति या शहर में काम की तलाश में आए कामगार-मजदूर, रिक्शा वाले खुले में सोते मिले तो पूरी सम्वेदना से उसे आश्रय गृह पहुंचाने की पहल होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपदा के समय, भीषण सर्दी, बाढ़, भीषण गर्मी जैसी स्थितियों में आश्रय गृह बेहद उपयोगी साबित होते हैं। इस अवसर पर उन्होंने सुरक्षा के ध्यान को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि पुलिस और प्रशासन तो सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा ही रहे हैं, समाज के लोगों को भी देश के दुश्मनों से सावधान रहना होगा।

# कमता चौराहे और बस अड्डे का अतिक्रमण हटेगा

## कमिश्नर ने निरीक्षण के दौरान दिया निर्देश

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** लखनऊ मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को कमता चौराहे और बस अड्डे का का दौरा किया। उन्होंने चौराहे पर ट्रैफिक को सुचारु बनाने के लिए अवैध अतिक्रमण हटाने और ब्लैक टॉप बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही बस अड्डे के पीछे का गेट ठीक कराकर सिटी बसों का संचालन जल्द शुरू करने को कहा है। उन्होंने लखनऊ विकास प्राधिकरण, नगर निगम और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने चौराहे पर अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटाने और चौराहे के आयरलैंड को कम करके ब्लैक टॉप बढ़ाने का निर्देश दिया। उनका कहना था कि इन बदलावों से ट्रैफिक व्यवस्था सुचारु होगी। उन्होंने अवैध एलईडी और होर्डिंग्स को तुरंत हटाने का भी आदेश दिया। कमता बस स्टॉप का निरीक्षण करते हुए मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि बस स्टॉप के पीछे के गेट का स्लैब जल्द ठीक कराया जाए।

उन्होंने कहा कि सिटी बसों का संचालन सुगम बनाने के लिए इस मार्ग पर व्यवस्था जल्द से जल्द बहाल की जाए। मंडलायुक्त ने कहा कि सभी चिह्नित कार्यों को बिना किसी देरी के शुरू किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि यातायात व्यवस्था में किसी प्रकार की बाधा न आए और यात्री सुविधाओं में सुधार हो। इस अवसर पर नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त सामाचार

## क्वीन मेरी हॉस्पिटल के पास कूड़ेदान में मिला नवजात बच्ची का शव

**लखनऊ।** क्वीन मेरी हॉस्पिटल के कूड़ेदान में शुक्रवार की सुबह एक नवजात बच्ची का शव मिलने से हड़कंप मच गया। बता दें कि कूड़ा लेने पहुंचे कर्मचारी को चादर में लपेटी नवजात बच्ची का शव दिखा तो उसने तुरंत ही इसकी सूचना पुलिस को दी। जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों से जांच पड़ताल की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुड़ा कलेक्ट करने पहुंची कर्मचारी ने बताया कि जब वह कूड़ा लेने पहुंची तो उन्हें एक नवजात का शव दिखा। जिसके शरीर पर एक कपड़ा भी नहीं था। उन्होंने इसका वीडियो भी बना लिया था। पुलिस के मुताबिक जब उन्होंने मामले की छानबीन शुरू कि की बच्ची का शव वहां कौन फेंक गया। तो सामने आया कि ये और कोई नहीं बल्कि बच्ची का पिता ही है। पुलिस ने बताया कि गर्भपात के बाद पिता ने बच्ची के शव का अंतिम संस्कार नहीं किया। इसकी बजाए बच्ची के शव को पास के ही डस्टबिन में फेंक कर गायब हो गया। मामले में बच्ची के परिजनों से और भी जानकारी जुटाई जा रही है।

## लखनऊ में मुंबई पुलिस की गिरफ्त से फरार इनामी गिरफ्तार

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफने मुंबई पुलिस की अभिरक्षा में फरार और लखनऊ जीआरपी से पचास हजार के इनामी रेप के आरोपी राकेश जायसवाल उर्फराकेश जैसवार को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। उसने मुंबई में काम के दौरान इलाके की एक नाबालिग को शादी का झांसा देकर भगा ले गया था और रेप किया था। जिसमें उसकी गिरफ्तारी हुई थी। अक्टूबर में गिरफ्तारी के दौरान ट्रेन से कूद कर भाग निकला था। तभी से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। एसटीएफके मुताबिक कुशीनगर के जहटा बजार थाना के नंदलाल मनसा छापर निवासी राकेश जायसवाल को शुक्रवार दोपहर को पॉलीटेक्निक चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया है। राकेश जायसवाल ने पूछताछ पर बताया कि वह मुंबई में एक नाबालिग लड़की को भगा कर ले गया था। जिसके चलते वहां के पार्क थाना में पाक्सो और रेप की धाराओं में मामला दर्ज हुआ था। जिसके चलते 23 अक्टूबर को मुंबई पुलिस ने कुशीनगर से गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद ट्रेन से मुंबई ले जा रही थी। इसी दौरान लखनऊ ऐशबाग के पास बाथरूम के बहाने ट्रेन से कूद कर भाग निकला था। जिसके बाद घर से सामान उठाकर हैदराबाद चल गया।

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की कोर कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक आज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की कोर कमेटी के पदाधिकारियों की बैठक 4,जनवरी, शनिवार को 3 बजे अयोध्या रोड स्थित संगठन के प्रदेश कार्यालय में आहुत की गई है। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कोर कमेटी की बैठक में प्रदेश के व्यापारियों की वर्तमान समस्याओं पर चर्चा की जाएगी तथा उनके निराकरण हेतु कार्य योजना बनाई जाएगी इसके अतिरिक्त प्रदेश में संगठन की धार को और अधिक पैनी करने तथा और अधिक मजबूत करने की रणनीति बनाई जायेगी तथा संगठन के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की जाएगी। प्रान्तीय उपाध्यक्ष आसिफकिदवई ने बताया बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा की जाएगी। तथा बैठक में संगठन संस्थापक सदस्य एवं महत्वपूर्ण पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।

# आईआईटी कानपुर ने 152 आईपीआर फाइलिंग के साथ रिकॉर्ड-तोड़ उपलब्धि की हासिल

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर ने 2024 में 152 इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स दाखिल करने के साथ अनुसंधान और नवाचार में अपनी पहचान बनाना जारी रखा है। एक वर्ष में दाखिल किए गए सबसे अधिक आईपीआर के साथ संस्थान लगातार चौथे वर्ष अपनी बढ़त को बनाए हुए है। अब तक कुल 1200 आईपीआर दाखिल करने के साथ, आईआईटी कानपुर ने उद्योग भागीदारों के लिए अपनी असाधारण लाइसेंसिंग दर को भी बनाए रखा है, जो 2024 में लगभग 12.91त्न रही ।152 आईपीआर फाइलिंग में 124 पेटेंट, 10 डिजाइन पंजीकरण, 2 कॉपीराइट और 6 ट्रेडमार्क आवेदन शामिल हैं। संस्थान ने 7 अमेरिकी पेटेंट, 2 चीनी पेटेंट और 1 यूरोपीय पेटेंट दाखिल करके अपनी वैश्विक उपस्थिति का भी विस्तार किया। आईपीआर फाइलिंग में अत्याधुनिक तकनीक के कई क्षेत्र शामिल हैं, जिसमें मेडटेक और नैनोटेक्नोलॉजी शामिल हैं। कुछ उल्लेखनीय आविष्कारों में दवा वितरण के लिए एक ट्रांसडर्मल पैच, क्रिप्टोग्राफिक एक्सेलेरेशन के लिए क्रिप्टोसेलर और एक चॉप सॉ मेटल-कटिंग मशीन शामिल हैं। अन्य उल्लेखनीय पेटेंट में एक हाइब्रिड-संचालित इलेक्ट्रिक टॉवर कार और दरार वृद्धि को मापने के लिए एक कॉन्टैक्टलेस ऑटोमेटेड टूल शामिल हैं।इस वर्ष कुल 217 पहले से दायर आईपीआर स्वीकृत किए गए। इनमें से, उल्लेखनीय पेटेंट में एक स्मार्ट इलेक्ट्रिक मीटर, एक पोर्टेबल मेडिकल सक्शन डिवाइस, एक आउट-ऑफ-प्लेन फोल्डिंग मैकेनिज्म वाला क्वाडकॉप्टर ड्रोन, क्वांटम प्रौद्योगिकियों के लिए एक ब्रॉडबैंड यूनिफॉर्म-एफ़िशिएंसी ऑर्बिटल एंगुलर मोमेंटम डिटेक्टर और एक अल्ट्रा-थिन पॉलीमर कंपोजिट इलेक्ट्रोलाइट बनाने की प्रक्रिया शामिल है।

# बढ़ती ठंड में कैदियों को राहत

## हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन ने किया स्वेटर वितरण

शकुन टाइम्स संवाददाता

**बलरामपुर।** जाड़े की कड़ाके की ठंड में कैदियों के जीवन को थोड़ा सहज बनाने के उद्देश्य से हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन ने एक मानवीय पहल की। साद अशरफ, प्रियंका मौर्य, एजाज़ नूरी, राघव यादव, और आमिर राय के सहयोग से बलरामपुर जेल में कैदियों के लिए स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



**कार्यक्रम की शुरुआत**

कार्यक्रम का शुभारंभ फाउंडेशन के अध्यक्ष शहजाद अहमद की मौजूदगी में किया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रयास उन कैदियों के लिए है, जो सर्द मौसम में अपने लिए पर्याप्त साधन नहीं जुटा सकते। कार्यक्रम में 100 से अधिक कैदियों को स्वेटर वितरित किए गए।

**प्रशासन की भागीदारी**

इस अवसर पर जेल अधीक्षक और जेलर देवकांत वर्मा, साथ ही जन्मे सिंह ने भी भाग लिया। उन्होंने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने समाज के अन्य संगठनों से भी प्रेरणा लेने और जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आने का आग्रह किया।

**संस्था की प्रतिबद्धता**

फाउंडेशन के अध्यक्ष शहजाद अहमद ने कहा कि यह केवल शुरुआत है। आगे भी समाज के वंचित वर्गों की मदद के लिए इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा,यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम समाज के हर तबके की सहायता करें, चाहे वे कहीं भी हों।

**कैदियों का आभार**

स्वेटर पाकर कैदियों के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। उन्होंने फाउंडेशन और सहयोगी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह पहल उन्हें सर्दी के मौसम में राहत पहुंचाएगी।

**भविष्य की योजना**

हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन ने यह भी घोषणा की कि उनकी टीम अन्य जिलों में भी इसी तरह के अभियान चलाने की योजना बना रही है। यह पहल केवल कैदियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सड़क पर रहने वाले बेघर लोगों और अन्य जरूरतमंदों तक भी पहुंचेगी।

**समाज के लिए प्रेरणा**

फाउंडेशन के सदस्यों ने सभी से अपील की कि वे समाज के वंचित वर्गों की मदद के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि मानवता को बनाए रखने के लिए हमें एकजुट होकर काम करना होगा। हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन की यह पहल समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता का प्रतीक है और यह संदेश देती है कि सामूहिक प्रयासों से ही एक बेहतर समाज का निर्माण संभव है।

# बाघ ने फिर किया गाय का शिकार

## 3 जिलों की टीमें टाइगर को ट्रेस कर रहीं

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक माह से बाघ की दहशत बनी हुई। 20 किमी की एरिया में तीन जिलों के 6 टीमें बाघ को तलाश रही हैं। शुक्रवार सुबह बाघ ने बहरु गांव में गाय का शिकार किया। अब दुधवा नेशनल पार्क से प्रशिक्षित हथिनी सुलोचना और डायना को बुलाया गया है।वन विभाग की टीम हथिनियों के सहारे बाघ को पकड़ेगी। यह बाघ को ट्रेस करने में ट्रेंड हैं। सूंघकर बाघ की लोकेशन तक पहुंच जाती हैं। डीएफ्ओ सितांशु पांडेय ने बताया कि दुधवा नेशनल पार्क से आई दोनों हथिनियां अब हमारे अभियान का हिस्सा हैं। इस ऑपरेशन में कानपुर, पीलीभीत और लखनऊ की टीमें लगी हैं। एक्सपर्ट डॉक्टरों और 30 अधिकारियों की टीम बाघ की हर हलचल पर नजर रख रही हैं। दोनों हथिनियों ने अब तक 5 ऑपरेशन किए हैं। इन्होंने पीलीभीत, किशन पुर, नगीना रेंज, पलिया और महेशपुर में ऑपरेशन को अंजाम दिया है। इन दोनों हथिनियों के साथ 4 महावत आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि शनिवार से इन्हें ऑपरेशन में लगाया जाएगा। लखनऊ के रहमानखेड़ा जंगल के आसपास 30 दिनों से बाघ घूम रहा है। गाय, नील गाय, जंगली सुअर और पड़वा का शिकार कर चुका है। वन विभाग की 6 टीमें लगी हैं, लेकिन बाघ नहीं पकड़ा जा सका है। गुरुवार को कुशमौरा और गोला कुआं गांव में नए पग चिह्न मिलने और शुक्रवार को शिकार के बाद गांवों में दहशत का माहौल है। एसडीओ हरिलाल ने बताया कि बाघ की सक्रियता वाले एरिया को चिह्नित करके एक किमी एरिया में कॉम्बिंग की गई। 22 ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं और दो मचान बने हैं। यहां से वन विभाग की टीम बाघ की मूवमेंट पर नजर रख रही है। काकोरी के आमोठिया गांव में भी बाघ की हलचल देखी गई है। ग्रामीणों ने पग चिह्न देखे और वन विभाग को सूचना दी। टीम ने यहां पर पिंजरा लगाया है, जिसमें एक बकरी बांधी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि बाघ की दहशत से मजदूर खेतों में जाने से डर रहे हैं। कुशमौरा के किसान रामप्रताप, खुशीराम और रमेश यादव ने कहा कि आम के बागों में पानी लगाने का समय है, लेकिन बाघ की मौजूदगी से फसल चौपट होने का खतरा है। गोला कुआं गांव के आनंद टिंकू मौर्या ने कहा कि रेलवे पटरी के पास आम के बागों में बाघ के पग चिह्न देखे गए हैं।

# 67 यूपी वाहिनी एनसीसी कैडेट्स ने निकली संग्राम 1857 साइकिल रैली

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** एनसीसी बटालियन 67 यूपी वाहिनी द्वारा संग्राम 1857 साइकिल रेली का आयोजन वीर शहीदों के सम्मान में किया गया। बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल पुनित श्रीवास्तव के दिशा निर्देश में रैली निकली जिसमे 01 अधिकारी, 02 जेसीओ, 04 एनसीओ और स्कूल के 15 कैडेट्स ने 20 किलोमीटर साइकिल चला कर रैली पूर्ण की। देश की एकता अखंडता एवं संप्रभुता को दर्शाती संग्राम 1857 साइकिल रैली का शुभारंभ एनसीसी कार्यालय से हुआ।

यह रैली शहीद अब्दुल हमीद चौक से लालबत्ती चौराहा, मुख्यमंत्री आवास, वोमेनपॉवर लाइन (1090) से होती हुए बेगम हजरत महल चौक, ऊदादेवी चौक, अटलचौक, हजरतगंज, सचिवालय से होते हुए बटालियन में समाप्त हुई। 67 यूपी वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पुनीत श्रीवास्तव ने सभी कैडेट्स को 1857 संग्राम के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह रैली मेरठ, गाजियाबाद से होकर 2000 किलोमीटर की दूरी को पूरा करने के लिए 04 जनवरी 2025 को लखनऊ से होते हुए उत्तरप्रदेश के अलग अलग शहरों से होकर दिल्ली हमारे देश के प्रधानमंत्री द्वारा समाप्त होगी। इस रैली का मुख्य उद्देश लोगों को हमारे वीर और महान क्रांतिकारियों के बारे जानकारी देना है। मंगल पाण्डे, रानी लक्ष्मीबाई, नानासाहेब, ऊदा देवी और बेगम हजरत महल द्वारा अपने जीवन को देश पर न्योछावर कर देश को आजाद कराया। साइकिल रैली में एसजेएन इंटर कॉलेज, बीएसएनवी इंटर कॉलेज के कैडेट्स ने तिरंगा लहराते हुए वीरों के पराक्रम और बलिदान के बारे में लोगो को बताया। इस दौरान बटालियन के सूबेदार मेजर रंजीत कुमार, ट्रेनिंग जेसीओ सूबेदार जितेन्द्र गुप्ता, ट्रेनिंग एनसीओ सीएचएम आनन्द कुमार, हवलदार आनन्द प्रताप ने बच्चों को कंट्रोल कर कैडेट्स को देश के प्रति समर्पण करने में अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया।

# प्रभारी-मंत्री सुरेश खन्ना ने लगाई अफसरों को फटकार, रविंद्रपुरी सड़क निर्माण में लेटलतीफी पर भड़के

शकुन टाइम्स संवाददाता



**लखनऊ।** वाराणसी के प्रभारी और सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को विकास कार्यों की समीक्षा की। स्थानीय विधायक डा. नीलकंठ तिवारी के साथ दो साल से चल रहे रविंद्रपुरी सड़क निर्माण की प्रगति देखी और लेटलतीफी पर अफसरों को फटकार लगाई। अफसरों को एक सप्ताह का अल्टीमेटम देते हुए जनता की दुश्वारियां कम करने का निर्देश दिया। कार्यस्थल पर दिन की तीन शिफ्ट में काम कराने, ज्यादा श्रमिक रखने और एक हिस्सा तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया। वहीं, निर्माणाधीन सड़क की समस्या को लेकर परेशान लोगों की समस्याएं सुनी और जल्द से जल्द काम पूरा कराने का वादा किया। इसके साथ ही महाकुंभ की तैयारियां और विकास कार्यों की समीक्षा करने यूपी सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना शुक्रवार सुबह वाराणसी पहुंचे। सर्किट हाउस में भाजपा विधायक और एमएलसी ने उनका स्वागत किया। इसके बाद सभागार में समीक्षा बैठक शुरू हुई। वाराणसी सर्किट हाउस में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभी विभागों के अफसरों, विधायकों ने सहभागिता की। प्रभारी मंत्री ने सबसे पहले जनप्रतिनिधियों के साथ समीक्षा शुरू की। उनसे शहर की प्रमुख समस्याएं जानी और जनता के सुझावों पर भी चर्चा की। विभागों के अधिकारियों से उनके काम की प्रगति पूछी। काशी के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु और रविंद्र जायसवाल, मेयर अशोक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष एवं एमएमसी हंसराज विश्वकर्मा, अजगरा विधायक टी. राम, कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव समेत अन्य कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम ने चार गुना भेजा टैक्स, शिकायत लेकर मुख्यालय पहुंचे लोग

**लखनऊ।** नगर निगम मुख्यालय पर शुक्रवार को गलत प्रॉपर्टी टैक्स और समस्या होने पर लोग अपनी शिकायत लेकर मुख्यालय पहुंचे। राजेंद्र शुक्ला ने बताया कि लालबाग में अलाव की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए मामले की शिकायत महापौर से की। साथ ही मुख्यमंत्री को भी शिकायत भेजी है। उनका कहना है कि जल्द क्षेत्र में व्यवस्था की जानी चाहिए। गरीब आदमी ठंड में ठिठुरने को मजबूर है। अलीगंज से शिकायत करने पहुंचे रजत अवस्थी ने बताया कि नगर निगम की तरफ से चार गुना टैक्स लगा दिया गया। इसके चलते समस्या हो रही है। कई बार शिकायत कर चुके हैं। पहले 480 रुपए का टैक्स आता था,अब 2000 से अधिक हो गया है। इस तरह चार गुना टैक्स नहीं बढ़ाना चाहिए। ईडब्लयूएस श्रेणी का मेरा मकान है। मदन माहेश्वरी जोन 6 आलमनगर के रहने वाले हैं।

# खादी और ग्रामोद्योग आयोग केवीआईसी, लगाएगा दस दिवसीय प्रदर्शनी

## 4 जनवरी से 13 जनवरी तक लगेगी भव्य प्रदर्शनी

शकुन टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय 4 जनवरी शनिवार से गोमतीनगर रिवरफ्रंट निकट चटोरी गली में दस दिवसीय आंचलिक स्तरीय खादी प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। 13 जनवरी तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 8 राज्यों से आए प्रतिनिधियों द्वारा 12 स्टाल लगेंगे। जिस पर खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी। डा. नितेश धवन, राज्य निदेशक खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अगर पूछा जाए इस प्रदर्शनी का उद्देश्य क्या है तो मैं एक लाइन में कहना चाहूंगा कि पिछले एक दशक में खादी की यात्रा ष्आत्म निर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्तिष् और इस लक्ष्य की प्राप्ति हमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से मिलेगी। इस प्रदर्शनी में खादी और ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) और खादी निर्माण से जुड़ी संस्थाओं,कारीगरों और लाभार्थियों को विपणन मंच प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस प्रदर्शनी में हम ग्राहकों को 20 से 25 प्रतिशत तक की छूट भी देंगे। इस प्रेस वार्ता में सह निदेशक, जे.सी, ताल्लुकदार एवं प्रशांत मिश्रा भी मौजूद थे। 4 जनवरी से 13 जनवरी तक लगने वाली इस प्रदर्शनी में कुल 75 स्टॉल्स लगेंगे जिसमें पीएमईजीपी के 45 स्टॉल्स और खादी के 30 स्टॉल्स लगेंगे, प्रदर्शनी में 8 अलग अलग राज्य (पश्चिम बंगाल, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश) से आए प्रतिनिधियों द्वारा इस प्रदर्शनी में स्टॉल्स लगाए जाएंगे।

# नगर आयुक्त के द्वारा किशनपुर स्थित कान्हा गौशाला किया निरिक्षण

शकुन टाइम्स संवाददाता

**कानपुर नगर।** कल दिनांक 03.01.2025 को नगर आयुक्त महोदय के द्वारा किशनपुर स्थित कान्हा गौशाला, निर्माणाधीन राधिका उपवन, निर्माणाधीन ए0बी0सी0 सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी, डा0 आर0के0 निरंजन, पशुचिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी, डा0 शिल्पा सिंह, पशुचिकित्सा अधिकारी डा0 हरिकान्त, जोनल अभियन्ता श्री दिवाकर भास्कर, फर्म सी0एण्डडी0एस0 के अभियन्ता श्री मनीष सिंह आदि उपस्थित रहे। नगर आयुक्त महोदय के द्वारा वर्तमान में संचालित कान्हा गौशाला का निरीक्षण किया गया। कान्हा गौशाला की व्यवस्थाएं ठीक पायी गयी। मौके पर उपस्थित केयरटेकर के द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में गौशाला की दोनो भूसा संग्रहालयो में लगभग 2000 कु0 से अधिक भूसा संग्रहीत है। गौशाला में संरक्षित गौवंशो को प्रतिदिन समुचित देखभाल की जा रहा है। गौशाला में साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं उचित पायी गयी। इसके अतिरिक्त गौशाला में संरक्षित गौवंशो को ठंड से बचाव हेतु रात्रि के साथ-साथ दिन के समय में भी अलाव जलाये जाने के निर्देश दिये गये। निर्माणाधीन गौशाला राधिका उपवन में मात्र दो शेड निर्मित है, जबकि पर्याप्त रिक्त भूमि उपलब्ध है। मौके पर उपस्थित जोनल अभियन्ता दिवाकर भास्कर को निर्माणाधीन राधिका उपवन का विस्तारीकरण एवं अन्य समुचित व्यवस्थाओ को निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये गये, जिसमें दो अतिरिक्त शेड का निर्माण एवं अन्य समुचित व्यवस्थाओ को विकसित किया जायेगा। गौशाला राधिका उपवन की क्षमता 2000 गौवंश की है। गौशाला राधिका उपवन में चल रहे बाउण्ड्रीवाल के निर्माण कार्य को भी एक सप्ताह में पूर्ण कर मकर संक्राति से पूर्व गौशाला प्रारम्भ करने के निर्देश दिये गये, तत्पश्चात् फर्म सी0एण्डडी0एस0 के द्वारा निर्माण कराये जा रहे निर्माणाधीन ए0बी0सी0 सेंटर का निरीक्षण किया गया, जो कि अपने अंतिम चरण में है, जिसको इसी माह जनवरी 2025 में पूर्ण कराये जाने के पश्चात् नगर निगम को हस्तांतरित किये जाने के निर्देश दिये गये।



# सम्पादकीय

## भाजपा से मुकाबले के लिए केजरीवाल ने लिया नरम हिंदुत्व का सहारा

आप संयोजक अरविंद केजरीवाल की शानदार मौजूदगी में दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी खो गयी थीं, उस समय जब आतिशी मंत्री थीं और खुद केजरीवाल मुख्यमंत्री। आज भी आतिशी चुनावी अभियान में बहुत प्रभावी नहीं लग रही हैं, जबकि आप के कई अन्य नेता आधिक प्रभावी लग रहे हैं। केजरीवाल का फायदा यह है कि वे जेल गये। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी जेल गये। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह भी जेल गये। स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन भी जेल गये। आतिशी को ऐसा सम्मान नहीं मिला, लेकिन केजरीवाल का कहना है कि आतिशी पर भी झूठे आरोप लगाये जायेंगे। मुख्यमंत्री पद पर आतिशी एक अस्थायी विकल्प हैं। केजरीवाल बच्चों की कैंडी की तरह फिर मुख्यमंत्री बनना चाहते हैं! लेकिन इस बार यह आसान नहीं है। जेल की चिड़िया तमगे के कारण केजरीवाल को मुख्यमंत्री की कुर्सी के लिए लगातार तीसरी (चौथी ?) जीत मिल सकती है। अरविंद केजरीवाल के पास एक सुरक्षा कवच है, हालांकि यह आप को चुनाव जीतने में कैसे मदद करेगा, यह एक रहस्य है। केजरीवाल ने जो मुद्दे उठाये और वायदे किये हैं, वे बदलाव की ओर इशारा करते हैं। धर्मनिरपेक्ष से केजरीवाल श्नरम हिंदुत्वश् की ओर बढ़ गये हैं। अनिश्चितता राजनेताओं को ऐसा कराती है। केजरीवाल अब पहले जैसे आत्मविश्वासी नहीं रहे। दिल्ली चुनाव के इस संस्करण में केजरीवाल संदेह से ग्रस्त हैं। समय की मांग के अनुरूप हिंदुत्व की ओर बदलाव का माहौल मोदी और योगी के पक्ष में है, जिससे केजरीवाल को नरम हिंदुत्व की ओर जाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। आम धारणा के विपरीत, केजरीवाल हिंदुओं के करीब हैं, हिंदुओं के शुभचिंतक हैं और मददगार भी हैं! किसने सोचा होगा कि केजरीवाल द्वारा उठाये गये हिंदू मुद्दों पर भारतीय जनता पार्टी को मुंह की खानी पड़ेगी? आप कुख्यात हिंदुत्ववादी भाजपा से अधिक हिंदू दिखने के लिए कड़ी मेहनत कर रही है। नये साल की पूर्व संध्या पर केजरीवाल ने दिल्ली के हिंदू पुजारियों और सिख श्ग्रंथियोंश् के लिए 18000 रुपये प्रति माह मानदेय की घोषणा की, अब भाजपा ने इस बारे में क्यों नहीं सोचा, उन्होंने भाजपा को भाजपा शासित राज्यों में भी ऐसा करने की चुनौती दी। क्या दिल्ली मंदिरों और पुजारियों, गुरुद्वारों और ग्रंथियों से भरी पड़ी है? विडंबना यह है कि केजरीवाल की इस योजना की घोषणा तब की गयी जब दिल्ली के मौलाना और मौलवी पिछले 18 महीनों से आप सरकार द्वारा दिये गये श्वेतनश् के वितरण न किये जाने का विरोध कर रहे थे। केजरीवाल का मौलाना आउटरीच आप की मुस्लिम-फर्स्ट नीति का हिस्सा था, जिसका मुकाबला भाजपा नहीं कर सकी। आज, भाजपा आप की हिंदू आउटरीच के खिलाफशिकायत कर रही है। क्या केजरीवाल भाजपा को परेशान कर रहे हैं।

क्या अब जब केजरीवाल ने नरम हिंदुत्व का रंग ले लिया है, तो भाजपा अपने हिंदुत्व को लेकर सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है? क्या भाजपा के पास श्एक हैं तो सुरक्षित हैंश् जैसे नरेंद्र मोदी के नारे और बंटेंगे तो कटेंगे जैसे योगी आदित्यनाथ के नारे जैसे शक्तिशाली हिंदुत्व-प्रतीक नहीं हैं? योगी आदित्यनाथ पिछले सप्ताह दिल्ली में एक जोरदार भाषण देने आये थे। उन्होंने भाजपा समर्थकों की भीड़ से कहा, श्आपकी दिल्ली गंदी है, शीला दीक्षित के कार्यकाल में यह बहुत साफथी।श् श्सुरक्षा और सफाई के लिए गाजियाबाद और नोएडा आइये। केजरीवाल ने नहीं सुना, उन्होंने नये साल की पूर्व संध्या पर भाजपा के साथ मतदाताओं के नाम हटाने और कैश-फॉर-वोट के बारे में आरोप लगाये, जो भाजपा के खिलाफएक शिकायत थी, जिसे केजरीवाल ने परम पूजनीय मोहन भागवत के पास दर्ज कराया, जो चाहते हैं कि श्सामाजिक सद्भावश् के लिए समझदार हिंदू आवाजें प्रबल हों, जो उनके दिल के करीब का विषय है। क्या अरविंद केजरीवाल आरएसएस प्रमुख की चाहत के अनुसार श्भूतश् साबित होंगे और हिंदू कट्टरपंथी हुए बिना हिंदुत्व नेता बनेंगे? केजरीवाल हनुमान-भक्त हैं और वह मस्जिद के नीचे शिवलिंग की तलाश करने वाले आखिरी राजनेता होंगे। हनुमान को कभी भी शिव या कृष्ण के साथ नहीं जोड़ा गया है, केवल भगवान राम के साथ जोड़ा गया है। अयोध्या राम मंदिर का पूजा स्थल अधिनियम, 1991 से भी कोई लेना-देना नहीं है। क्या अरविंद केजरीवाल अयोध्या राम मंदिर गये थे? क्या दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने अपने अयोध्या निवास में भगवान राम को नमन किया? पिछले हफ्ते आतिशी ने दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना पर दिल्ली में मंदिरों को गिराने का आदेश देने का आरोप लगाया, जिसे सक्सेना ने झूठ बताया। आतिशी पीछे नहीं हटीं, वह आप के नरम-हिंदुत्व को व्यक्त कर रही थीं, जिसके कई अर्थ हैं, जिनमें से एक अक्सर सामने आता है – इन चुनावों में आप की घबराहट। दिल्ली में अजेय समझे जाने वाली आप एक मुद्दे से दूसरे मुद्दे में उलझ रही है। अगर यह बांग्लादेशियों, रोहिंग्या और पूर्वांचलियों के बारे में नहीं है, तो यह पानी और भ्रष्टाचार या महिलाओं को लक्षित करने वाली योजनाओं के बारे में है। अरविंद केजरीवाल यह आभास दे रहे हैं कि वे भीड़-भाड़ और तंगहाली से घिरे हुए हैं, उन्हें इस बात की चिंता है कि पार्टी और उनके लिए क्या होने वाला है। उन्हें एहसास है कि वे जीत के लिए मुसलमानों और मुफ्तखोरी पर पूरा भरोसा नहीं कर सकते! क्या होगा अगर दिल्ली के मतदाता महाराष्ट्र के मतदाताओं और हरियाणा के मतदाताओं और उत्तर प्रदेश के नौ उपचुनावों में मतदान करने वालों की तरह बटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफहैं के लिए वोट करें? समय की भावना हिंदुत्व के पक्ष में है।

## डॉ मनमोहन सिंह ने कैसे डगमगाती भारतीय अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया


अंजन रॉय

प्रधानमंत्री राव की पहली पसंद डॉ. आई.जी. पटेल थे, जो कभी आरबीआई गवर्नर थे और विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे। पटेल उस समय गुजरात में अपने गृहनगर में बस गये थे और वहां से हटने को तैयार नहीं थे। पटेल ने डॉ. मनमोहन सिंह का सुझाव दिया, जो उस समय तक सरकार की आर्थिक नीतियों को संभालने वाले लगभग हर संभव पद पर थे -आरबीआई गवर्नर से लेकर योजना आयोग में सदस्य-सचिव तक। वह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के आर्थिक सलाहकार भी थे। प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने पी.सी. अलेक्जेंडर के माध्यम से उनसे संपर्क किया और जेनेवा से लंबी उड़ान के बाद उन्हें नींद से जगाया। अलेक्जेंडर अभी-अभी जेनेवा में दक्षिण-दक्षिण आयोग के अध्यक्ष के रूप में सेवा करने के बाद लौटे थे।

तैंतीस साल जीवन का आधा हिस्सा होते हैं। तैंतीस साल पहले, डॉ. मनमोहन सिंह ने एक वरिष्ठ सरकारी नौकरी से औपचारिक सेवानिवृत्ति के बाद, एक हाई-प्रोफाइल लाइमलाइट में कदम रखा। जब पिछले शुक्रवार को 92 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ, तो उन्हें भारत का सबसे बड़ा वित्त मंत्री और भारत की आधुनिक अर्थव्यवस्था का निर्माता माना जाता था। वर्तमान में डॉ. मनमोहन सिंह के लिए प्यार और मान्यता का राष्ट्रीय प्रवाह है, जो विडंबना है कि उनके जीवनकाल में अनुपस्थित था। इसके विपरीत, अक्सर उनका तिरस्कार और अपमान किया जाता था। एक उत्साही और प्रतिबद्ध आर्थिक सुधारक के रूप में, आर्थिक सुधारों के प्रति उनका दृष्टिकोण भी संतुलित था और कभी भी भारत के वित्त प्रबंधन की मशाल थामे हुए अन्य लोगों की तरह उत्साही नहीं था। इससे भारत को बहुत सी पीड़ाओं से बचाया जा सका। 33 साल पहले 1991 में भारत की स्थिति बहुत ही खराब थी। भारत गहरी राजनीतिक और आर्थिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा था। देश को बाहरी समाधान की समस्या का सामना करना पड़ रहा था क्योंकि श्खजानाश् खाली था। इसके अलावा, राजीव गांधी की तमिल उग्रवादियों द्वारा हत्या कर दी गयी थी, जिससे राजनीतिक शून्य पैदा हो गया था। 1991 के आम चुनावों में, कांग्रेस सत्ता में आयी और पी.वी. नरसिंह राव को सेवानिवृत्ति से वापस बुलाकर प्रधानमंत्री बनाया गया। नये प्रधानमंत्री की सर्वोच्च प्राथमिकता एक सक्षम वित्त मंत्री की तलाश थी।

प्रधानमंत्री राव की पहली पसंद डॉ. आई.जी. पटेल थे, जो कभी आरबीआई गवर्नर थे और विश्व प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे। पटेल उस समय गुजरात में अपने गृहनगर में बस गये थे और वहां से हटने को तैयार नहीं थे। पटेल ने डॉ. मनमोहन सिंह का सुझाव दिया, जो उस समय तक सरकार की आर्थिक नीतियों को संभालने वाले लगभग हर संभव पद पर थे -आरबीआई गवर्नर से लेकर योजना आयोग में सदस्य-सचिव तक। वह पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के आर्थिक सलाहकार भी थे। प्रधानमंत्री नरसिंह राव ने पी.सी. अलेक्जेंडर के माध्यम से उनसे संपर्क किया और जेनेवा से लंबी उड़ान के बाद उन्हें नींद से जगाया। अलेक्जेंडर अभी-अभी जेनेवा में दक्षिण-दक्षिण आयोग के अध्यक्ष के रूप में सेवा करने के बाद लौटे थे। यहां दो सेवानिवृत्त व्यक्तियों के नेतृत्व में एक नयी सरकार थी। विडंबना यह है कि उस टीम ने भारत को विकास और भविष्य की प्रतिष्ठा की नयी यात्रा पर डाल दिया है। इसके बाद की कहानी को एक ही वाक्य में बयां किया जा सकता हैरू नई सुबह की तलाश में दो बूढ़े आदमी। वित्त मंत्री के रूप में अपनी पसंद का जिक्र करते हुए, मनमोहन सिंह ने अपने लेखों और भाषणों के संग्रह की एक पुस्तक के विमोचन के दौरान कहा था कि वे न केवल एक श्आकस्मिक प्रधानमंत्रीश् थे, जैसा कि कुछ लोगों ने कहा, बल्कि एक श्आकस्मिक वित्त मंत्रीश् भी थे। उस समय ऐसी ही अस्थिर स्थिति थी, जब 24 जुलाई 1991 को डॉ. मनमोहन सिंह ने अपना पहला बजट पेश किया था। मनमोहन सिंह का 1991 का बजट उनके बजट भाषण की प्रशंसात्मक पंक्तियों के कारण अर्थशास्त्रियों के लिए किंवदंती बन गया था।

नरसिम्हा राव सरकार ने 21 जून को शपथ ली थी। बजट से पहले के महीने में, कुछ सबसे महत्वपूर्ण सुधार पहले ही पेश किये जा चुके थे, जिन्होंने तब से भारतीय अर्थव्यवस्था की दिशा तय की है। इनमें से कुछ भारतीय अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने के लिए महत्वपूर्ण कदम थे। भारतीय रुपये का अवमूल्यन उनमें से कोई कम नहीं था। रुपये का अवमूल्यन एक अतिसंवेदनशील मामला था। 1966 में पहले हुए अवमूल्यन ने इसे आपदा से कम नहीं साबित किया था।



संकट की आशंका को देखते हुए मनमोहन सिंह ने अपने प्रधानमंत्री नरसिंह राव को आगाह किया कि इस मुद्दे को केंद्रीय मंत्रिमंडल के पास नहीं भेजा जाना चाहिए, बल्कि इसे वहीं पारित कर दिया जाना चाहिए।गोपनीयता बनाये रखने के लिए मनमोहन सिंह ने अवमूल्यन पर एक हस्तलिखित नोट तैयार किया और प्रधानमंत्री से मंजूरी ले ली, जिन्होंने क्रमिक और नरम दृष्टिकोण अपनाने की सलाह दी थी। इस झटके को कम करने के लिए डॉ. सिंह ने दो चरणों में अवमूल्यन का सुझाव दिया – पहला अपेक्षाकृत छोटा और दूसरा थोड़ा बड़ा। मुझे अभी भी याद है कि पहले अवमूल्यन से कितनी हलचल मची थी। वित्त मंत्रालय को कवर करने वाले हम आर्थिक पत्रकारों को संकेत मिले थे कि पहले चरण के अवमूल्यन के बाद प्रधानमंत्री खुद ही ठंडे पड़ गये थे और उन्होंने अपने वित्त मंत्री को दूसरी खुराक रोकने का निर्देश दिया था। मनमोहन सिंह ने 3 जून की सुबह आरबीआई के विदेशी मुद्रा मामलों के प्रभारी डिप्टी गवर्नर डॉ. सी. रंगराजन को फोन करके कहा था कि उन्हें दूसरा अवमूल्यन रोक देना चाहिए। हालांकि, डॉ. रंगराजन ने डॉ. सिंह को बताया कि यह काम पहले ही हो चुका है! डॉ. रंगराजन और उनके विनिमय नियंत्रण विभाग पहले ही इसमें श्कूदश् पड़ा था, मोंटेक सिंह अहलूवालिया ने अपने संस्मरण में इस सबसे दिलचस्प बात को याद किया है। संयुक्त अवमूल्यन का प्रभाव दो दिशाओं में एक हथौड़े के प्रहार जैसा होना था। सबसे पहले, रुपये में एक गहरा अवमूल्यन इस मुद्रा में व्यापक हवाला लेनदेन को समाप्त कर सकता था। दूसरे, इसके परिणामस्वरूप, यह सोने की तस्करी के लिए एक बड़ा झटका होने वाला था। इन कदमों के साथ-साथ, वित्त मंत्री ने आने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए सोने के आयात मानदंडों को उदार बनाया था। बाद में, जब तत्काल संकट खत्म हो गया, तो रुपये की विनिमय दर को व्यापार खाते में पूरी तरह से परिवर्तनीय बना दिया गया- यानी निर्यात और आयात के लिए। भारतीय रुपये की विनिमय दर को बाजार द्वारा निर्धारित करने से सबसे बड़ा अंतर आया और इसके अच्छे प्रभाव अभी भी काम कर रहे हैं। विनिमय दर सुधारों ने भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था को बाकी दुनिया के साथ बाजार से जुड़ा लचीलापन दिया। इस प्रकार, अतिरिक्त बाजार हेरफेर से लाभ के लिए प्रोत्साहन और गुंजाइश गायब हो गयी और एक स्वचालित सुधारात्मक तंत्र शुरू किया गया।उस दुर्भाग्यपूर्ण दिन जब रुपया तैरने के लिए तैयार था, दिन के अंत तक यह लगभग 16 रुपये प्रति डॉलर से गिरकर लगभग 24रुपये डॉलर हो गया था। इसने आयात को महंगा और निर्यात को सस्ता बना दिया। कुल मिलाकर, भारतीय अर्थव्यवस्था के भीतर मांग बाहरी बाजारों से घरेलू बाजार में स्थानांतरित हो गयी। बहुत बाद में, 2014 में टेपरटैंट्रम के दौरान, लचीली विनिमय दर ने भारत को सबसे खराब वित्तीय गिरावट से बचाया। विनिमय बाजार सुधारों के साथ-साथ, नये वित्त मंत्री और उनकी टीम ने विदेशी संस्थागत निवेशकों के लिए स्टॉक और शेयरों में द्वितीयक बाजार भी खोला। इससे निवेश डॉलर का आवक प्रवाह शुरू हुआ। एफडीआई को भी उदार बनाया गया। इन उपायों का समग्र प्रभाव यह था कि 1991 जून-जुलाई में, भारत के पास मुश्किल से 1 बिलियन डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार था, जो केवल एक सप्ताह के आयात को पूरा करने के लिए ही पर्याप्त था, दो साल में देश अत्यधिक विदेशी मुद्रा की समस्या का सामना कर रहा था।

## निशाने पर मुजीब

बांग्लादेश में उग्र छात्र आंदोलन के बाद जो स्थितियां बनी हैं वे न तो इस देश के हित में हैं और न ही लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में। जनविद्रोह की स्थितियों के बीच तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के पलायन के बाद लगातार बांग्लादेश के संस्थापक बंगबंधु मुजीबुर्रहमान के खिलाफमाहौल बनाया जा रहा है। जिसकी शुरुआत तब देखने को मिली, जब अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पिछले साल 16 दिसंबर को बिजॉय दिबोश यानी विजय दिवस के मौके पर दिए गए संबोधन में युवा राष्ट्र के संस्थापक कहे जाने वाले शेख मुजीबुर रहमान का उल्लेख तक नहीं किया। उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत में भी विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन वर्ष 1971 में जहां भारतीय रक्षा बलों के सामने पाकिस्तान की विशाल सेना के आत्मसमर्पण की याद दिलाता है, वहीं बांग्लादेश के दमन व अत्याचार से मुक्ति का भी दिन है। इस संदर्भ में मोहम्मद यूनुस ने जहां अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के शासन को दुनिया के सबसे बुरे निरंकुश शासन के रूप में वर्णित किया, वहीं मुजीबुर्रहमान की पूरी तरह अवहेलना की। निश्चित रूप से यह देश के संस्थापक की उपेक्षा के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में आहुति देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का भी अपमान है। दरअसल, राजनीतिक दुराग्रह के चलते अंतरिम सरकार शेख हसीना के पिता की विरासत को भले ही मिटा न सके,लेकिन वो इसे कमजोर करने पर जरूर अमादा है। यहां तक कि शैक्षिक पाठ्यक्रम से भी छेड़छाड़ की जा रही है। कहा जा रहा है कि कार्यवाहक सरकार बांग्लादेश के प्राथमिक व माध्यमिक स्कूलों के पाठ्यक्रम में बताएगी कि देश को आजाद कराने में मुजीबुर्रहमान ने नहीं बल्कि जियाउर रहमान ने निर्णायक भूमिका निभाई थी। उन्होंने ही बांग्लादेश को स्वतंत्र करने की घोषणा की थी। इस तरह अराजकता व अल्पसंख्यकों पर हमलों के बीच नये विमर्श गढ़ने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, अंतरिम सरकार और कट्टरपंथी तत्व जनाक्रोश के चलते अपनी सुविधा का मुहावरा गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

निश्चित रूप से बांग्लादेश मुक्ति अभियान के दौरान जियाउर रहमान एक सम्मानित सैन्य अधिकारी थे। बताया जा रहा है कि उन्होंने 1971 के युद्ध में विशिष्टता के साथ सेवाएं दी थी। वे कालांतर बांग्लादेश के राष्ट्रपति भी बने थे। अपदस्थ सरकार के कर्ताधर्ता दलीलें दे रहे हैं कि उनके योगदान को राष्ट्र द्वारा उचित रूप से सम्मान देना चाहिए। लेकिन हकीकत यह भी है कि इसके जरिये मुजीबुर्रहमान के योगदान को कम करने की कोशिशें भी की जा रही हैं। जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार करना अनुचित ही होगा। दरअसल, यह सिर्फसत्ता के केंद्र में आए व्यक्तियों की बयानबाजी तक ही सीमित नहीं है बल्कि बांग्लादेश में मुजीब के चित्र वाले नोटों को भी चरणबद्ध तरीके से बंद करने की कुत्सित कोशिशें की जा रही हैं। निश्चित रूप से गलत दिशा में कदम बढ़ाया जा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि तमाम निर्णय कहीं न कहीं राजनीतिक दुराग्रहों से प्रेरित हैं। इसके बावजूद कि बांग्लादेश में कार्यवाहक सरकार खुद को बार-बार अराजनीतिक कहने से नहीं चूकती। यहां उल्लेखनीय है कि जियाउर रहमान की विधवा और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया, फिलहाल बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी की प्रमुख हैं। जिसके साथ कार्यवाहक सरकार के मधुर रिश्ते हैं। वहीं सत्ता हासिल करने को बेताब बीएनपी चुनाव में हो रही देरी से भी बेचौन हो रही है। दरअसल, सरकार पर उन छात्र नेताओं का भी बड़ा दबाव है, जिन्होंने शेख हसीना के खिलाफहुए आंदोलन का नेतृत्व किया था। जिसके बाद शेख हसीना को बांग्लादेश छोड़कर भागना पड़ा था। कालांतर उन्होंने भारत में शरण ली थी। असल में, छात्र नेता दबाव बना रहे हैं कि वर्ष 1972 के बांग्लादेश के संविधान को फिर लिखा जाए। वे संविधान को मुजीबिस्ट चार्टर बता रहे हैं। आरोप है कि इसी ने भारत की आक्रामकता का मार्ग प्रशस्त किया। निश्चित रूप से मुजीब विरोधी आख्यान और भारत विरोधी बयानबाजी मिलकर बांग्लादेश की लोकतांत्रिक आकांक्षाओं पर पानी फेर सकती हैं। ढाका को सलाह दी जानी चाहिए कि न तो वो दिल्ली से रिश्ते खराब करे और न ही मुजीब को इतिहास के कबाड़ के हवाले करे।

## स्कूली शिक्षाः चिंताजनक तस्वीर

अगर नयी पीढ़ी का शैक्षणिक स्तर खराब रहा तो, जैसा कि आंकड़े बतला रहे हैं, देश का एक स्याह व निराशाजनक भविष्य ही दिखता है। सरकार को चाहिये कि तमाम मतांतरों को एक तरफरखकर शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में जुट जाये। सभी तरह के पूर्वाग्रहों को छोड़कर हर बच्चे को स्कूली शिक्षा, वह भी गुणवत्तायुक्त दिलाना सरकार का पहला कर्तव्य होना चाहिये। शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला सूचना प्रणाली (यूडीआईएसई) द्वारा साल 2023-24 की जो रिपोर्ट जारी की गयी है, उसके अनुसार इस वर्ष के दौरान देश भर के स्कूलों में 37 लाख नामांकनों की कमी आई है। यूडीआईएसई नामक यह प्लेटफॉर्म राष्ट्रीय स्तर पर स्कूलों के आंकड़े एकत्र करता है। उसके अनुसार 2022-23 में 25.17 करोड़ नामांकित विद्यार्थी थे।

एक ओर तो भारत विश्वगुरु होने का दावा कर रहा है, तो वहीं दूसरी तरह स्कूली शिक्षा में बड़ी गिरावट की रिपोर्ट सामने आ रही है जो बेहद चिंताजनक है। स्वयं केन्द्र सरकार द्वारा जो आंकड़े जारी किये गये हैं वे भारत की भयावह तस्वीर पेश कर रहे हैं- वर्तमान व भावी दोनों ही। कोई भी अंदाजा लगा सकता है कि ज्ञान के बिना कैसा भारत बनेगा। वैसे तो सम्बन्धित विभाग द्वारा इन आंकड़ों को अब न्यायसंगत बतलाने की कवायद भी जारी है, लेकिन यथार्थ यही है कि शिक्षा के मामले में भारत में बड़ी गिरावट दर्ज हुई है। स्कूली शिक्षा ही उच्चतर शिक्षा, शोध और यहां तक कि अध्ययन के पश्चात देश को चलाने वाली पीढ़ी के स्तर को भी तय करती है।

अगर नयी पीढ़ी का शैक्षणिक स्तर खराब रहा तो, जैसा कि आंकड़े बतला रहे हैं, देश का एक स्याह व निराशाजनक भविष्य ही दिखता है। सरकार को चाहिये कि तमाम मतांतरों को एक तरफ रखकर शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने में जुट जाये। सभी तरह के पूर्वाग्रहों को छोड़कर हर बच्चे को स्कूली शिक्षा, वह भी गुणवत्तायुक्त दिलाना सरकार का पहला कर्तव्य होना चाहिये। शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला सूचना प्रणाली (यूडीआईएसई) द्वारा साल 2023-24 की जो रिपोर्ट जारी की गयी है, उसके अनुसार इस वर्ष के दौरान देश भर के स्कूलों में 37 लाख नामांकनों की कमी आई है। यूडीआईएसई नामक यह प्लेटफॉर्म राष्ट्रीय स्तर पर स्कूलों के आंकड़े एकत्र करता है। उसके अनुसार 2022-23 में 25.17 करोड़ नामांकित विद्यार्थी थे जो 2023-24 में घटकर 24.80 करोड़ हो गये। छात्र 21 लाख और छात्राएं 17 लाख घट गयीं। अल्पसंख्यकों की संख्या 20



फीसदी कम हुई। हालांकि इस विभाग के अधिकारी इन आंकड़ों को तर्कसंगत बताने की कोशिश करते हुए कह रहे हैं कि डेटा संग्रहण प्रणाली में परिवर्तन हुआ है। 2021-22 के पहले तथा अब के आंकड़ों में तुलना नहीं हो सकती और वास्तविक स्थिति अलग है। वे यह भी बतला रहे हैं कि 2030 तक सभी स्तरों तक स्कूली शिक्षा उपलब्ध कराई जायेगी। अन्य तथ्यों तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा 2030 से सम्बन्धित तमाम दावों को एक ओर रख दिया जाये, तो भी इन आंकड़ों के आधार पर कहा जा सकता है कि यह स्थिति कोई उम्मीद लेकर नहीं आती। आधुनिक विश्व में शिक्षा का महत्व सभी जानते हैं। बगैर अथवा गुणवत्ताहीन शिक्षा के आधार पर कोई भी व्यक्ति, समाज या देश विकास की कल्पना भी नहीं कर सकता। जो भी देश आज अग्रणी, विकसित और सही मायनों में आधुनिक हैं, वे दरअसल अनिवार्य, सभी की सहज पहुंच वाली तथा गुणवत्तायुक्त शिक्षा व्यवस्था के कारण ही हैं। इसलिये आधुनिक भारत के निर्माताओं ने इस पर बहुत जोर दिया था। वर्षों की गुलामी से बाहर निकले भारत को सीमित संसाधनों व अनेक दुश्वारियों के बावजूद तेजी से विकास की राह पर अग्रसर करने के लिये आधुनिक शिक्षा प्रणाली की बुनियाद रखी गयी थी। देश भर में शासकीय स्कूलों एवं कॉलेजों का जाल बनाया गया। राष्ट्र निर्माताओं की वह ऐसी पीढ़ी-लिखी जमात थी जो उच्च शिक्षित तथा विद्वान थी। इसलिये उसे शिक्षा का महत्व मालूम था। इसी शिक्षा व्यवस्था ने देश को जल्दी ही आधुनिक देशों की पंक्तियों में ला खड़ा किया था। न सिर्फशालेय शिक्षा बल्कि उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिये भी अल्प समय में कई विश्वविद्यालय, आईआईएम, इंजीनियरिंग, आईआईटी जैसे संस्थान खोले गये थे। इनसे निकले युवाओं ने देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ज्यादातर सरकारों ने इसकी महत्ता को जान-समझकर देश की शिक्षा प्रणाली को बेहतर करने की उत्तरोत्तर कोशिशें कीं लेकिन 2014 में आई भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने इसकी जैसी उपेक्षा की, वैसी आजाद मुल्क ही नहीं वरन अंग्रेजी शासनकाल में भी नहीं हुई थी। यह उपेक्षा अनायास नहीं वरन सायास है और हीनभावना से ग्रस्त शासकों द्वारा की गयी है जो पढ़ने-लिखने से दूर तक नाता न रखने वाले हैं। प्रबुद्ध समाज को यह सरकार मानो अपना दुश्मन मानती है। इस मद में सरकार का बजट घटता चला गया है या उसका बड़ा हिस्सा उपयोग में नहीं लाया जाता। दशक भर में देश में बड़ी संख्या में स्कूल बन्द हुए हैं या जरूरी साधनों के बिना खाना-पूरी के लिये चल रहे हैं। एक सुनियोजित चाल के तहत शिक्षा को बेकार साबित करने की कोशिशें की जाती हैं। कभी हार्वर्ड बनाम हार्ड वर्क कहकर विद्वता का मजाक उड़ाया जाता है तो कभी यह कहकर आधुनिक शिक्षा को खारिज किया जाता है कि यह मैकाले की देन है य या फिर भारतीय संस्कृति को नष्ट करने के लिये परम्परागत गुरुकुल खत्म कर दिये गये। इससे भी खतरनाक खेल यह खेला जा रहा है कि युवा पीढ़ी की रुचि ही शिक्षा या ज्ञान प्राप्ति में खत्म की जा रही है। स्कूलों के सिलेबस के जरिये गैर वैज्ञानिक और अतार्किक शिक्षा परोसी जा रही है। साथ ही, युवा व छात्र वर्ग अब शिक्षा में कम राजनीतिक व धार्मिक व्यक्तियों तथा संगठनों के एजेंडों को पूरा करने में व्यस्त है। सियासी व धार्मिक जुलूसों एवं गतिविधियों में नयी पीढ़ी का पूरा समय और ऊर्जा खप रही है। शिक्षा की ओर से यह पीढ़ी स्वयं मुंह मोड़कर सियासतदानों को अवसर दे रही है।

# रोहित ने आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखा

## बुमराह ने कहा- कप्तान ने नेतृत्व का दिया परिचय

एजेंसी

**सिडनी।** खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट से शुक्रवार को खुद को बाहर रखा जिससे टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य पर प्रश्नचिन्ह लग गया । उपकप्तान जसप्रीत बुमराह आखिरी टेस्ट में कप्तानी कर रहे हैं जिन्होंने रोहित की गैर मौजूदगी में पहले टेस्ट में भी कप्तानी की थी । बुमराह ने टॉस के समय कहा ,'' हमारे कप्तान ने नेतृत्व का परिचय देकर खुद को इस टेस्ट से आराम दिया है । उन्होंने कहा ,'' इससे साबित होता है कि टीम में कितनी एकता है ।'' रोहित तीन टेस्ट की पांच पारियों में सिर्फ 31 रन बना सके हैं ।सीमित ओवरों के क्रिकेट के दिग्गज 37 वर्ष के रोहित इन पारियों में सहज नहीं लगे और अपने चिर परिचित शॉट भी नहीं खेल पाये । मैच से पहले वॉर्मअप में रोहित को विराट कोहली, ऋषभ पंत और सरफराज खान के साथ फुटबॉल खेलते देखा गया । वह टीम के वीडियो विश्लेषक हरि प्रसाद से भी बात कर रहे थे । वह टॉस से ठीक पहले आउटफील्ड से चले गए और टॉस के लिये बुमराह आये । टीवी कैमरे ने जब उनकी ओर रूख किया तो रोहित ड्रेसिंग रूम में सहायक कोच रियान टेन डोइशे के साथ बैठे थे जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर दोनों से दूर बैठे थे । भारत के पूर्व खिलाड़ी संजय मांजरेकर ने रोहित के फैसले की सराहना की । उन्होंने एक्स पर लिखा ,'' रोहित शर्मा ने वही किया जिसके लिये वह जाने जाते हैं । सही समय पर टीम के हित में सही फैसला । इस मसले को लेकर इतना रहस्य हालांकि समझ में नहीं आया । टॉस पर भी इस पर बात नहीं की गई । ांचवें टेस्ट से एक दिन पहले भारत के अभ्यास सत्र में ही स्पष्ट हो गया था कि रोहित बाहर रहने वाले हैं । मेलबर्न में चौथा टेस्ट हारने के बाद ही उनके भविष्य को लेकर अटकलें लगने लगी थी ।



# सिडनी टेस्ट में 185 रनों पर ढेर हुई टीम इंडिया

## भारत की पहली पारी 185 रन पर सिमटी, स्टंप तक ऑस्ट्रेलिया 9/1

एजेंसी

**सिडनी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आज (3 जनवरी) सिडनी में बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का अंतिम और पांचवां टेस्ट खेला जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम की कप्तानी रोहित शर्मा की जगह जसप्रीत बुमराह कर रहे हैं। मुकाबले में भारतीय टीम पहली पारी में 185 रनों पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सबसे ज्यादा 4 विकेट स्कॉट बोलैंड ने लिए। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह इस मैच में कप्तानी कर रहे हैं। वहीं जवाब में अब ऑस्ट्रेलिया ने स्टंप तक 9 रन एक विकेट के नुकसान पर बना लिए हैं। जसप्रीत बुमराह ने पहले दिन का खेल खत्म होने से कुछ देर पहले ही उस्मान ख्वाजा को आउट किया।




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट के पहले दिन शुक्रवार को भारत की पहली पारी 185 रन पर सिमट गई। खराब फॉर्म से जूझ रहे कप्तान रोहित शर्मा ने इस मैच से खुद को बाहर रखा। कार्यवाहक कप्तान जसप्रीत बुमराह ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन भारतीय शीर्षक्रम एक बार फिर नाकाम रहा। भारत के लिए सर्वाधिक 40 रन ऋषभ पंत ने बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिये स्कॉट बोलैंड ने चार और मिचेल स्टार्क ने तीन विकेट लिए। भारत को बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने पास रखने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना है चूंकि वह श्रृंखला में 1 . 2 से पीछे है। खराब फॉर्म से जूझ रहे नियमित कप्तान रोहित शर्मा के 'खुद को आराम देने' के फैसले के बावजूद भारत का शीर्षक्रम एक बार फिर नाकाम रहा । विराट कोहली पहली ही गेंद पर आउट होने से बच गए लेकिन इसका फायदा नहीं उठा सके और लंच के बाद स्कॉट बोलैंड ने ही उन्हें आफ स्टम्प से बाहर गेंद डालकर स्लिप में लपकवाया ।

### विराट कोहली फिर नाकाम, भारत के चाय तक चार विकेट पर 107 रन



ऋषभ पंत ने कई प्रहार झेलते हुए पूरा सत्र निकाला जबकि विराट कोहली एक बार फिर आफ स्टम्प से बाहर जाती गेंद पर विकेट गंवा बैठे जिससे ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट के पहले दिन चाय ब्रेक तक भारत ने चार विकेट खोकर 104 रन ही बनाये। पंत 80 गेंद में 32 रन बनाकर खेल रहे हैं । उन्होंने अपनी पारी में ब्यू वेबस्टर को स्ट्रेट छक्का लगाया लेकिन इसके अलावा उन्हें बाजुओं पर, हेलमेट पर और पेट में दो बार गेंद लगी । रविंद्र जडेजा 50 गेंद में 11 रन बनाकर खेल रहे हैं। दोनों ने पांचवें विकेट के लिये 35 रन जोड़ लिये हैं जबकि पहले सत्र में 25 ओवर में सिर्फ 50 रन बने थे।

## सिडनी की पिच पर हो रही धीमी बल्लेबाजी, ऋषभ पंत ने बताया कारण

एजेंसी

**सिडनी।** सिडनी में भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत दोनों टीमों के बीच चार मैच खेले जा चुके हैं। जिसमें मेजबान कंगारू टीम ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई है। वहीं सिडनी टेस्ट से भारत का ङ्ख्रञ्जष्ट स्नद्बठ्ठड्ढ्य की उम्मीदें दांव पर लगी हैं। वहीं सिडनी टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद टीम इंडिया के विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन संयम के साथ बल्लेबाजी की क्योंकि, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच ऐसी नहीं है कि अपना स्वभाविक आक्रामक खेल खेलें। मेलबर्न में पिछले टेस्ट के दौरान लापरवाही भरे शॉट खेलकर आउट होने के कारण आलोचना झेलने वाले पंत ने शुक्रवार को सिडनी में 98 गेंद पर 40 रन बनाए। भारतीय टीम 185 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सिडनी टेस्ट के पहले दिन समाप्त होने के बाद ऋषभ पंत ने कहा कि, इस पारी में मैं उस मानसिक स्थिति में नहीं था जहां मुझे लगे कि मैं विकेट की प्रकृति को देखते हुए चार्ज कर सकूं। कभी-कभी आपको रक्षात्मक क्रिकेट खेलना होता है क्योंकि कई बार ऐसे मौके आए जब मैं 50-50 चांस ले सकता था।



## शेन वॉटसन ने कहा-भारत का चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान नहीं जाना दुर्भाग्यपूर्ण

एजेंसी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला शेन वॉटसन ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान नहीं जा पाने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया लेकिन कहा कि इस आईसीसी टूर्नामेंट से विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे स्टार बल्लेबाजों को लंबे समय से चले आ रहे खराब फॉर्म से उबरने का मौका मिलेगा। आईसीसी ने चैम्पियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड' मॉडल में कराने पर मंजूरी जताई है जिसमें भारतीय टीम के सारे मैच दुबई में खेले जायेंगे। वाटसन ने यहां चैम्पियंस ट्रॉफी टूर के दौरान मीडिया से कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसे हालात बने। लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि भारत . पाकिस्तान मैचों का सभी को इंतजार रहता है। जब भी वे एक दूसरे के खिलाफ खेलते हैं तो यह खास होता है। उन्होंने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारतीय टीम चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये पाकिस्तान नहीं जा रही है लेकिन इसमें क्या किया जा सकता है। वाटसन ने कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी दो वनडे विश्व कप के बीच चार साल के अंतर को पाटने के लिये अच्छा जरिया है। उन्होंने कहा, चैम्पियंस ट्रॉफी विश्व क्रिकेट में महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है क्योंकि वनडे विश्व कप चार साल में एक बार होता है । यह उस इंतजार को कम करता है। उन्होंने कहा, वनडे क्रिकेट को इस तरह की ऊर्जा देते रहना जरूरी है क्योंकि यह बेहतरीन प्रारूप है। इससे टेस्ट क्रिकेट और टी20 के बीच संतुलन बनता है । वाटसन ने कहा, हम वनडे क्रिकेट को कभी खोना नहीं चाहते लेकिन इसे प्रासंगिक बनाये रखना भी जरूरी है और इसलिये चैम्पियंस ट्रॉफी महत्वपूर्ण है । इसमें सिर्फ आठ टीमें खेलती है और हर गेंद महत्वपूर्ण होती है । आपको लगातार अच्छा खेलना होता है वरना बाहर हो जायेंगे जैसे 2013 में आस्ट्रेलियाई टीम हुई थी।



### दिल्ली सरकार ने पैरालंपिक में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों में पदक जीतने वाले राज्य के खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पेरिस पैरालंपिक खेल 2024 में पदक जीतने वाले पांच खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया जिनमें रजत पदक जीतने वाले ऊंची कूद के पैरा एथलीट शरद कुमार को 2.5 करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया गया। फ्रीस्टाइल पहलवान और व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय अमन सहरावत ने पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। उन्हें एक करोड़ रुपये का पुरस्कार दिया गया। एशियाई चैंपियनशिप 2023 में रजत पदक जीतने वाले पैदल चाल के एथलीट विकास सिंह को 10 लाख, राष्ट्रमंडल खेल 2023 में रजत पदक जीतने वाली जूडोका तुलिका मान को 10 लाख रुपये और 2021 में फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 400 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय धावक अमोज जैकब को पांच लाख रुपये का पुरस्कार दिया गया।

### कतर एयरलाइन दमिश्क के लिये उड़ानें फिर से शुरू करेगा

**दोहा।** कतर एयरलाइन सात जनवरी से सीरिया की राजधानी दमिश्क के लिए उड़ानें फिर से शुरू करेगा। कतर एयरलाइन ने गुरुवार को कहा कि वह दोहा से दमिश्क के लिए सात जनवरी से तीन साप्ताहिक उड़ानें संचालित करेगा। कतर एयरवेज समूह के सीईओ बद्र मोहम्मद अल-मीर ने एक बयान में कहा कि यह कदम कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने और यात्रियों के लिए यात्रा को और सुविधाजनक बनाने के लिए एयरलाइन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। गौरतलब है कि यह घोषणा कतर की ओर से 13 साल के बंद रहने के बाद सीरिया की राजधानी में अपना दूतावास फिर से खोलने के कुछ ही दिनों बाद की गई है। कतर ने आठ दिसंबर को पूर्व सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार के पतन के बाद 21 दिसंबर, 2024 को दमिश्क में अपना दूतावास फिर से खोल दिया। सीरियाई गृहयुद्ध के फैलने के बाद 2011 से दूतावास बंद था।

## सेबी ने निवेशकों को जागरूक, शिक्षित करने को वेबसाइट, सारथी ऐप पर डाली अतिरिक्त जानकारी

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने निवेशकों को जागरूक और शिक्षित करने के लिए कदम उठाया है। इसके तहत नियामक ने निवेशक शिक्षा पहल के अंतर्गत अपनी निवेशक वेबसाइट और 'सारथी' ऐप पर मुफ्त में सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन और अन्य सामाग्री की पेशकश की है। इसका उद्देश्य संभावित और मौजूदा दोनों निवेशकों को सशक्त बनाना है। ये मंच निवेशकों को चीजों के बारे में जानकारी लेकर सोच-विचार के साथ निवेश निर्णय लेने में मदद करते हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक बयान में कहा, ''नियामक ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा करने की अपनी जिम्मेदारी के तहत, निवेशक जागरूकता और शिक्षा को बढ़ाने के लिए आधिकारिक निवेशक वेबसाइट पर टूल (सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन) और जरूरी सामाग्री पेश की है।'' इसमें कहा गया है कि इन 'टूल' और सामाग्रियों का उद्देश्य संभावित और मौजूदा दोनों निवेशकों को उनकी निवेश यात्रा में मदद करना है। सेबी निवेशक वेबसाइट पर शेयर बाजारों, डिपॉजिटरी और एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) और नेशनल सेंटर फॉर फाइनेंशियल एजुकेशन (एनसीएफई) जैसे संस्थानों से प्राप्त वीडियो का एक भंडार है। 'स्पॉट ए स्कैम' जैसे कदम उपयोगकर्ताओं को निवेश प्रस्तावों की वैधता का मूल्यांकन करने में सक्षम बनाते हैं। जबकि वित्तीय सेहत की जांच करने वाला जांच 'टूल' व्यक्तिगत वित्तीय स्थिति का आकलन प्रदान करता है और उसमें सुधार के बारे में सुझाव भी देता है।

## उत्तरी मुंबई में 2025 में प्रमुख बुनियादी ढांचे, झुग्गी पुनर्विकास योजनाओं पर दिया जाएगा जोर : गोयल

एजेंसी



**नयी दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र के शहरी परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से बदलने के लिए इस साल कई महत्वपूर्ण पहलों पर काम किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि झुग्गी-झोपड़ियों का पुनर्विकास तथा सड़क व रेलवे लाइन विस्तार जैसी प्रमुख परियोजनाओं में तेजी लाना इन पहलों में शामिल हैं।

गोयल ने पिछले साल उत्तरी मुंबई से अपना पहला लोकसभा चुनाव जीता था। मंत्री ने कहा कि चार जनवरी को वह लंबित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए मुंबई में सभी संबंधित विभागों के प्रमुखों से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि उस बैठक में अभी तक उठाए गए कदमों पर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी तथा लंबित मुद्दों के लिए समयबद्ध कार्य योजना तैयार की जाएगी। गोयल ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, '' इस साल हमारे पास अपने निर्वाचन क्षेत्र के लिए कई बड़ी योजनाएं हैं। हम देख रहे हैं कि हम कितनी जल्दी झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को उसी स्थान पर पक्के मकान उपलब्ध करा सकते हैं। यह एक ऐसी परियोजना है जिस पर काम जारी है। हम जीवन को सुगम बनाने के लिए सड़कों तथा अन्य बुनियादी ढांचे से संबंधित सभी कार्यों में भी तेजी ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में कांदिवली सहित सभी चार रेलवे स्टेशनों पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा, जो अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) का हिस्सा है। इस पहल का उद्देश्य दीर्घकालिक दृष्टि से स्टेशन का निरंतर विकास करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने पिछले साल बोरीवली तक हार्बर लाइन विस्तार की घोषणा भी की थी। इससे नवी मुंबई से उत्तरी मुंबई के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी।

## संक्षिप्त सामाचार

### रुपया 11 पैसे लुढ़का

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लगातार जारी हस्तक्षेप के बावजूद दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 11 पैसे लुढ़ककर अबतक के सबसे निचले स्तर 85.76 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 85.65 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरूआती कारोबार में रुपया नौ पैसे गिरकर 85.73 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान 85.80 रुपये प्रति डॉलर के सार्वकालिक निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, आरबीआई की डॉलर बिकवाली की बदौलत यह 85.68 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा लेकिन अंत में पिछले दिवस के 85.65 रुपये प्रति डॉलर की तुलना में 11 पैसे लुढ़ककर अबतक के सबसे निचले स्तर 85.76 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

### वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज यहां वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा की। श्रीमती सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 की तैयारियां कर रही है। इसी क्रम में यह उनकी यह सातवीं बैठक थी। इस बैठक में वित्त सचिव एवं दिपम सचिव, आर्थिक मामलों के सचिव, वित्तीय सेवाओं के सचिव और सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार भी शामिल हुये। इसमें भाग लेने वालों में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ आशिष कुमार चौहान, गाजा कैपिटल के आईवीसीए गोपाल जैन, बैंक ऑफ अमेरिका के प्रबंध निदेशक राहुल बाजोरिया, बंधन बैंक के एमडी एवं सीईओ पार्थ प्रितम सेनगुप्ता, फाइनेंस इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउसिंल के निदेशक रमन अग्रवाल,एडेलवाइज म्युचुअल फंड के एमडी एवं सीईओ सुश्री राधिका गुप्ता आदि शामिल थे।

### अमेरिका में अडानी ग्रुप के खिलाफ 3 मामले हुए कंबाइन

न्यूयॉर्क की एक अदालत ने 265 मिलियन अमेरिकी डॉलर की रिश्वत के आरोप में उद्योगपति गौतम अडानी और अन्य के खिलाफ चल रहे तीन मामलों को एक साथ जोड़ने का आदेश दिया है। अदालत ने फैसला सुनाया कि मामलों की सुनवाई एक साथ संयुक्त सुनवाई में की जाएगी। यह फैसला तब आया जब अदालत ने कहा कि ये मामले समान आरोपों और लेनदेन से उपजे हैं। जिन मामलों को एक साथ टैग किया गया है उनमें यूएस बनाम अदानी और अन्य सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) बनाम अदानी और अन्य (अडानी के खिलाफ सिविल मामला), और एसईसी बनाम कैबनेस (अन्य आरोपियों के खिलाफ सिविल मामला) शामिल हैं। अदालत ने कहा कि न्यायिक दक्षता को बढ़ावा देने और परस्पर विरोधी कार्यक्रमों से बचने के लिए यह निर्णय लिया गया है। यह सभी मामलों को जिला न्यायाधीश निकोलस जी गारौफिस को सौंपेगा, जो अदानी के खिलाफ आपराधिक मामले की देखरेख भी कर रहे हैं। कोर्ट स्टाफ को मुकदमों का दोबारा निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है। अडानी और अन्य पर राज्य बिजली वितरण कंपनियों के साथ सौर ऊर्जा अनुबंध हासिल करने के लिए 265 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 2,029 करोड़ रुपये) की रिश्वत देने का आरोप है। इससे पहले, अमेरिकी अभियोजकों ने आरोप लगाया था कि यह तथ्य अमेरिकी बैंकों और उन निवेशकों से छुपाया गया था।

## ऑप्टिमस की ड्रोन-आधारित स्पेक्ट्रम विश्लेषक समाधान के लिए जर्मनी की कंपनी से साझेदारी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश में ऑप्टिमस इंफ्राकॉम लिमिटेड प्रमुख दूरसंचार और इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण समूह की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड (ओयूएस)जर्मनी के एलएस स्पेक्ट्रम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की।



इस रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, शुरुआत में एलएस स्पेक्ट्रम के लिए ऑप्टिमस उन्नत स्पेक्ट्रम विश्लेषक ड्रोन बेचेगी। एलएस स्पेक्ट्रम सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड उन्नत ड्रोन-आधारित स्पेक्ट्रम विश्लेषकों के अग्रणी प्रदाता और जर्मनी स्थित एलएस टेलीकॉम की एक सहायक कंपनी है, जो भारतीय बाजार में एलएस स्पेक्ट्रम के अत्याधुनिक ड्रोन-आधारित स्पेक्ट्रम विश्लेषण समाधानों के विपणन, संयोजन और वितरण के कारोबार में है। ोनों पक्षों की ओर से जारी एक साझा विज्ञप्ति के अनुसारअपने ड्रोन व्यवसाय और 'मेक इन इंडिया' को और गति देते हुए,एलएस स्पेक्ट्रम के साथ ऑप्टिमस की साझेदारी कंपनी को बाजार में एक महत्वपूर्ण बढ़त प्रदान करेगी। विज्ञप्ति के अनुसार इस साझेदारी में ड्रोन आधारित समाधानों से आगे बढ़कर स्पेक्ट्रम निगरानी, दिशा खोज और भौगोलिक स्थान, इलेक्ट्रॉनिक सहायता उपाय, सिग्नल इंटेलिजेंस, इलेक्ट्रॉनिक काउंटर उपाय जैसी विभिन्न क्षमताओं के माध्यम से स्पेक्ट्रम के प्रबंधन, अवलोकन और रक्षा के लिए बाजार में प्रवेश करने की क्षमता है। टमस इंफ्राकॉम के अध्यक्ष अशोक गुप्ता ने कहा, हम ओयूएस द्वारा पेश किए जा रहे अपने उत्पादों और सेवाओं के पोर्टफोलियो का विस्तार करने के लिए उत्साहित हैं। यह साझेदारी बाजार में एक बेजोड़ पेशकश करेगी और हम अपने प्रस्ताव को मजबूत करने के लिए भविष्य में एलएस स्पेक्ट्रम सॉल्यूशंस के अन्य उत्पादों में और विविधता लाने की भी संभावना तलाशेंगे। एलएस स्पेक्ट्रम सॉल्यूशंस के निदेशक प्रसाद केरकर ने कहा, इस एमओयू के ज़रिए हम देश में परिष्कृत, अपनी तरह के अनूठे ड्रोन-आधारित स्पेक्ट्रम समाधान पेश करके भारत के बढ़ते प्रौद्योगिकी परिदृश्य में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।

## कई मेडिकल टेक्सटाइल उत्पादों के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कपड़ा मंत्रालय ने मेडिकल टेक्सटाइल्स श्रेणी के महत्वपूर्ण उत्पादों की स्वच्छता एवं सुरक्षा और प्रभावकारिता सुनिश्चित करने के लिए उनके बारे में गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) जारी किए हैं। मंत्रालय की ओर से शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार मेडिकल टेक्सटाइल्स (गुणवत्ता नियंत्रण) आदेश, 2024 इन उत्पादों के लिए परीक्षण प्रोटोकॉल और लेबल लगाने संबंधी शर्तों सहित कड़े गुणवत्ता मानक निर्धारित करता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि लघु और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए, मंत्रालय ने उक्त क्यूसीओ के अनुपालन के लिए समयसीमा में अतिरिक्त विस्तार दिया है। उक्त आदेश की अनुसूची ए के तहत तीन- वस्तुओं सेनेटरी नैपकिन, बेबी डायपर और पुन- प्रयोज्य सेनेटरी पैड / सेनेटरी नैपकिन / पीरियड पैंटी से संबंधित क्यूसीओ को लागू करने के लिए लघु और मझोले उद्यमों को 01 अप्रैल 2025 तक का अतिरिक्त समय दिया गया है। मंत्रालय का कहना है कि यह रियायत एसएमई को अपने व्यवसाय संचालन से समझौता किए बिना नए नियमों को अपनाने में सक्षम बनाएगी। इसी तरह नयी व्यवस्था अपनाने में सहजता के लिए निर्माताओं और आयातकों को पुराने स्टॉक को खाली करने के लिए छह महीने की समय सीमा दी गई है।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्लीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय :- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

# दक्षिण कोरिया: छह घंटे चले गतिरोध के बाद राष्ट्रपति यून सुक येओल को हिरासत में लेने में विफल रहे प्राधिकारी

एजेंसी



**सियोल।** दक्षिण कोरिया के जांचकर्ता महाभियोग का सामना कर रहे देश के राष्ट्रपति यून सुक येओल को राष्ट्रपति सुरक्षा सेवा के साथ लगभग छह घंटे के गतिरोध के बाद भी हिरासत में नहीं ले सके। यून द्वारा लगाए गए अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' के बाद से जारी राजनीतिक संकट और एक महीने के भीतर दो राष्ट्राध्यक्षों के खिलाफ महाभियोग चलाए जाने से दक्षिण कोरियाई राजनीति पंगु हो गयी है।

देश की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने कहा कि उसके जांचकर्ताओं को यून के आधिकारिक आवास में प्रवेश करने से रोक दिया गया जिसके बाद उन्हें सुरक्षा संबंधी चिंताओं के कारण वापस बुला लिया गया है। एजेंसी ने कहा कि वह ''संदिग्ध के रवैये पर गंभीर खेद व्यक्त करती है जिन्होंने कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया।'' यून उनसे पूछताछ की जांचकर्ताओं की कोशिश को पिछले कई सप्ताह से विफल कर रहे हैं। यून आखिरी बार 12 दिसंबर को अपने आवास से बाहर निकले थे। उस समय वह निकट स्थित राष्ट्रपति कार्यालय गए थे और उन्होंने टेलीविजन पर प्रसारित राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में कहा था कि वह उन्हें हटाने के प्रयासों का विरोध करेंगे। जांचकर्ता इस बात की जांच कर रहे हैं कि तीन दिसंबर को यून द्वारा लगाया गया अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' विद्रोह के समान है या नहीं। यून उनकी नीतियों को विपक्ष के प्रभुत्व वाली संसद द्वारा अवरुद्ध किए जाने से हताश थे और इसीलिए उन्होंने तीन दिसंबर को 'मार्शल लॉ' लागू कर दिया और 'नेशनल असेंबली' को घेरने के लिए सेना भेज दी। संसद ने कुछ ही घंटों बाद इस घोषणा को सर्वसम्मति से निष्प्रभावी कर दिया। दक्षिण कोरिया में अल्पकालिक मार्शल लॉ लागू करने का आदेश देने पर 'नेशनल असेंबली' में राष्ट्रपति यून सुक येओल के खिलाफ लाया गया महाभियोग का प्रस्ताव 14 दिसंबर को पारित हो गया था। उन पर विद्रोह का आरोप लगाया गया है। दक्षिण कोरियाई भ्रष्टाचार रोधी अधिकारियों और सरकारी अभियोजकों ने इस घटनाक्रम की अलग-अलग जांच शुरू की। सियोल की एक अदालत ने यून को हिरासत में लेने के लिए मंगलवार को वारंट जारी किया था लेकिन जब तक वह अपने आधिकारिक आवास में हैं, तब तक इसे लागू करना जटिल है। यून के वकीलों ने बृहस्पतिवार को वारंट को चुनौती दी थी। उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार, सैन्य गोपनीय दस्तावेजों से जुड़े स्थानों की उसके प्रभारी की सहमति के बिना तलाशी नहीं ली जा सकती।

# तेजस्वी का छह जिलो में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम 05 से 13 जनवरी तक

एजेंसी



**पटना।** बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव का छठे चरण में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम छह जिलों में 05 से 13 जनवरी तक आयोजित किया गया है। बिहार राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने शुक्रवार को यहां बताया कि श्री यादव का छठा चरण का कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम 05 जनवरी से 13 जनवरी तक छह जिलों के लिए आयोजित है। इसमें 05 जनवरी को संवाद कार्यक्रम पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी)में होना है, जिसमें संगठन जिला मधुबन के कार्यकर्ता भी शामिल होंगे। इसके बाद दिनांक 07 जनवरी को कैमूर, 08 जनवरी को बक्सर, 11 जनवरी को पुलिस जिला बगहा, 12 जनवरी को पश्चिम चंपारण (बेतिया) तथा 13 जनवरी 2025 को गोपालगंज जिला कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्री अहमद ने बताया कि राजद के राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव के हस्ताक्षर से जारी किये गये श्री यादव के छठे चरण के कार्यक्रम की सूचना संबंधित जिला अध्यक्ष/ जिला प्रधान महासचिव को भेज दी गई है,और उसी अनुसार संबंधित जिला में कार्यकर्ता दर्शन सह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है।

इसकी तैयारी राज्य कार्यालय से जो दिशा- निर्देश जारी किए गए हैं ,उसी के अनुसार की जा रही है।आगे के कार्यक्रमों की सूचना बाद में दी जाएगी।

# संक्षिप्त सामाचार

## इस्तांबुल चर्च एसोसिएशन में गोलीबारी के बाद तीन संदिग्ध गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की की राजधानी इस्तांबुल में एसोसिएशन ऑफ साल्वेशन चर्च पर गोलीबारी के बाद तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। इस्तांबुल के गवर्नर कार्यालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि स्थानीय समयानुसार सोमवार रात करीब 09ः20 एक वाहन में आए तीन बंदूकधारियों ने इस्तांबुल के एशियाई हिस्से में सेकेमेकोय जिले में एसोसिएशन भवन पर गोलीबारी की। स्थानीय मीडिया ने एक तस्वीर जारी की जिसमें हमलावरों को वाहन के अंदर से गोलीबारी करते दिखाया गया है। कम्हुरियेट दैनिक के अनुसार गोलियाँ एसोसिएशन भवन की दीवार से टकराईं। हमले में किसी के हताहत होने या घायल होने की सूचना नहीं है। बयान के अनुसार हमलावरों के खिलाफ धोखाधड़ी और जानबूझकर चोट पहुंचाने के लिए मामला दर्ज किया गया और बाद में उन्हें अदालत भेजा गया।

## कजाकिस्तान ने ब्लैक बॉक्स ब्राजील भेजे: टोकायेव

**अस्ताना।** कजाकिस्तान ने अकटाऊ शहर के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए अजरबैजान एयरलाइंस (एजेडएएल) के एम्ब्रायर विमान के मलबे से बरामद ब्लैक बॉक्स को ब्राजील भेज दिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जांच निष्पक्ष हो।

कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि 30 दिसंबर को कजाकिस्तान परिवहन मंत्रालय ने कहा कि कजाकिस्तान ने ब्लैक बॉक्स को ब्राजीलियाई वैमानिकी दुर्घटना जांच और रोकथाम केंद्र को भेज दिया। जांच के लिए एक सरकारी आयोग की स्थापना की गई है। इसके अलावा, 17 अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों को आमंत्रित किया गया है, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (आईसीएओ) और अंतरराज्यीय विमानन समिति (आईएसी) के विशेषज्ञ शामिल हैं।

## भ्रष्टाचार के आरोप में पांच कर्मचारियों के निलंबन का दिया आदेश

**चंडीगढ़।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने गुरुवार को भ्रष्टाचार के आरोप में पानीपत जिले के इसराना ब्लॉक में पांच सरकारी कर्मचारियों को तत्काल निलंबित करने का आदेश दिया। कर्मचारियों में इसराना के बीडीपीओ, लेखाकार, सहायक और दो कनिष्ठ अभियंता शामिल हैं, जिनकी सार्वजनिक स्थानों पर स्थापित लोहे की बेंच, हैंडपंप और वाटर कूलर के घोटाले में कथित संलिप्तता रही है।

पंवार ने कहा कि ब्लॉक समिति इसराना के चेयरमैन हरपाल मलिक ने उनसे शिकायत की थी कि विभाग के बीडीपीओ व अन्य कर्मचारियों ने विकास कार्यों में अनियमितताएं की हैं। जब मामला पंवार के संज्ञान में आया तो जांच की गई और लाखों रुपये की अनियमितताएं पाई गईं।

## लॉस एंजिलिस में विमान दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका में लॉस एंजिलिस के पास गुरुवार को एक छोटे विमान के एक वाणिज्यिक इमारत की छत से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी है।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती को महिला शिक्षक दिवस के रूप में मनाने जायेगा: रेवंत रेड्डी

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने समाज के सभी वर्गों के लिए प्रेरणास्त्रोत रहीं सावित्रीबाई फुले की जयंती को महिला शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया है।

सरकार ने गुरुवार शाम को आदेश जारी कर हर साल तीन जनवरी को सावित्रीबाई फुले की जयंती को महिला शिक्षक दिवस के रूप में मनाने का आदेश जारी किया। यहां शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति में मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि सावित्रीबाई ने शिक्षा के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण की नींव रखी और समाज में महिलाओं की समानता के लिए भी संघर्ष किया। जनता की सरकार सावित्रीबाई फुले की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने फुले दंपति की ओर से की गई सेवाओं और समाज के लिए उनके बलिदान को याद किया। श्री रेड्डी ने कहा कि सावित्रीबाई ने भारतीय समाज में ऐतिहासिक बदलाव की नींव रखी और याद दिलाया कि उन्होंने अपना पूरा जीवन महिला समुदाय को शिक्षा प्रदान करने तथा शोषित समुदायों को न्याय दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि जनता की सरकार सावित्रीबाई की आकांक्षाओं को पूरा करने का प्रयास कर रही है। एक करोड़ महिलाओं को करोड़पति बनाने के उद्देश्य से सरकार ने महिला सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सभी क्षेत्रों में महिला समुदाय को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कौशल विकसित करने के लिए अभिनव कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं।

सरकार ने पिछड़े वर्गों और कमजोर वर्गों की सामाजिक तथा राजनीतिक उन्नति का समर्थन करने के लिए घर-घर जाकर व्यापक सर्वेक्षण पूरा कर लिया है।

## सीमा पार प्रेम के लिए लांघी दीवार

# पाकिस्तान पहुंचा अलीगढ़ का युवक, गिरफ्तार

एजेंसी



**लाहौर/अलीगढ़।** भारत का शख्स फेसबुक पर बनी दोस्त से शादी करने की चाहत में अवैध रूप से पाकिस्तान पहुंच गया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। वह फिलहाल जेल में है। हालांकि युवती ने स्थानीय पुलिस से कहा कि वह उससे शादी नहीं करना चाहती।

यूपी के अलीगढ़ जिले के रहने वाले बादल बाबू के माता-पिता को उसके पाकिस्तान में गिरफ्तार होने की जानकारी मीडिया के जरिए मिली। उन्होंने पूरे घटनाक्रम को फिल्मी कहानी जैसा बताया। उनके मुताबिक, बाबू नौकरी करने के लिए गांव से दिल्ली गया था। करीब 20-25 साल की उम्र के बाबू को 28 दिसंबर को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मंडी बहाउद्दीन जिले (लाहौर से लगभग 240 किलोमीटर दूर) में अवैध रूप से पाकिस्तान आने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। बाबू ने उस फेसबुक मित्र से मिलने के लिए अवैध रूप से सीमा पार की, जिससे वह शादी करना चाहता था। पुलिस ने बाबू की फेसबुक मित्र 21 वर्षीय सना रानी का बयान दर्ज किया है, जिसने कहा है कि वह उससे शादी नहीं करना चाहती है। पाकिस्तानी पंजाब के पुलिस के अधिकारी नासिर शाह ने कहा कि बाबू अवैध रूप से सीमा पार कर मंडी बहाउद्दीन में सना रानी के मौंग गांव पहुंच गया, जहां उसे कानून प्रवर्तकों ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं, अलीगढ़ में बरला थाना क्षेत्र के खितकारी गांव में रहने वाले बाबू के पिता किरपाल सिंह ने भारत सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले में हस्तक्षेप करने और बाबू की रिहाई के लिए पाकिस्तान के साथ बातचीत करने की अपील की है। बाबू की मां ने कहा, हम हमारे बेटे की वापसी चाहते हैं और हमें नहीं पता कि वह कैसे भारत आएगा। हम प्रधानमंत्री से मदद की गुहार लगा रहे हैं। वह एक सीधा साधा लड़का है। उसने ऐसा पहले कभी नहीं किया। इसी बीच, अलीगढ़ में पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अमृत जैन ने यह पुष्टि की उन्हें इस परिवार से एक प्रत्यावेदन मिला है और वह इस मामले को विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाएंगे। यह पहली बार नहीं है, जब किसी ने सोशल मीडिया के जरिए हुई मुहब्बत के बाद अपने महबूब से मिलने के लिए सरहद पार की हो।

इससे पहले अंजू नाम की एक भारतीय महिला अपने प्रेमी से मिलने पाकिस्तान पहुंच गई थी। उसने इस्लाम धर्म अपना लिया और एक पाकिस्तानी नागरिक नसरुल्ला से शादी कर ली। इसी तरह पाकिस्तान की सीमा हैदर नामक महिला की पबजी गेम के जरिए एक भारतीय व्यक्ति से दोस्ती हुई।

# पाखी हेगड़े ने नववर्ष पर बिहार में जरूरतमंद लोगों को वितरित किया कम्बल

## पाखी हेगड़े ने बिहार में नव वर्ष पर गरीबों के बीच बिताया खास पल

शकुन टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अभिनेत्री और समाज सेविका पाखी हेगड़े जी ने बिहार में गरीब और शोषित समाज के बीच अपना नव वर्ष मनाया। इस विशेष अवसर पर उन्होंने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया और सरकार की योजनाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।कंबल वितरण और सहायता पाखी हेगड़े ने कहा, %नव वर्ष के इस खास मौके पर, मैं चाहती हूँ कि हमारी ओर से कुछ ऐसा किया जाए जिससे गरीब और जरूरतमंदों को ठंड से राहत मिले।% इस दौरान उन्होंने कई जरूरतमंद परिवारों को कंबल वितरण किए और उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास किया।

सरकार की योजनाओं पर जोर पाखी हेगड़े जी ने बिहार सरकार के प्रयासों की सराहना की और कहा, सरकार अच्छा काम कर रही है, लेकिन सरकारी योजनाएँ सभी तक नहीं पहुँच पा रही हैं। उन्होंने अधिकारियों से निवेदन किया कि वे हर घर तक सरकारी योजनाओं को पहुँचाएं ताकि गरीबों और शोषितों को इसका पूरा लाभ मिल सके।

**अधिकारियों से अपील**


पाखी हेगड़े जी ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा, %मैं सरकार के अधिकारियों से निवेदन करती हूँ कि वे अपनी योजनाओं को जमीन स्तर तक लागू करें और हर जरूरतमंद व्यक्ति तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सभी योजनाएँ सही ढंग से लागू हों तो राज्य के गरीब और शोषित लोगों की समस्याओं का समाधान हो सकता है।%समाज सेवा का संदेश इस मौके पर पाखी हेगड़े जी ने समाज सेवा का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया और कहा कि समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। नव वर्ष के इस शुभ अवसर पर, हम सबको मिलकर ऐसा कुछ करना चाहिए जो हमारे समाज के कमजोर वर्गों के जीवन को सुधार सके।

**समर्पित और प्रेरणादायक**

पाखी हेगड़े जी का यह कदम ना सिर्फ प्रेरणादायक है बल्कि समाज के प्रति उनकी समर्पित भावना को भी दर्शाता है। उनके इस सामाजिक कार्य ने लोगों के दिलों में एक नई उम्मीद और ऊर्जा का संचार किया है।

# एफबीआई ने न्यू ऑरलियन्स में 14 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की

एजेंसी





**ह्यूस्टन।** अमेरिका की जांच एजेंसी सघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि एक दिन पहले न्यू ऑरलियन्स में नए साल का जश्न मना रहे लोगों पर एक हमलावर ने ट्रक से हमला कर दिया जिसमें 14 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है।

इससे पहले न्यू ऑरलियन्स के कोरोनर डॉ. ड्वाइट मैककेना ने पहले 15 लोगों के मौतों की घोषणा की थी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस अधिकारियों ने हमलावर को मार गिराया था। एफबीआई के आतंकवाद निरोधक प्रभाग के उप सहायक निदेशक क्रिस्टोफर राया ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका मानना है कि शम्सुद-दीन बहार जब्बार (42) इस हमले में अकेला ही था।

एफबीआई अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि वे नहीं मानते कि जब्बार ( हमलावर) पूरी तरह से जिम्मेदार था। हम इस बिंदु पर यह आकलन नहीं करते हैं कि इस हमले में जब्बार को छोड़कर कोई और शामिल है। स्थानीय मीडिया ने अदालती दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि ह्यूस्टन में रहने वाले 42 वर्षीय अमेरिकी नागरिक जब्बार ने पहले अमेरिकी सेना में काम किया था और हाल के वर्षों में वित्तीय परेशानियों से जूझ रहा था। उन्होंने कहा कि यह हमला आतंकवादियों की तरफ से एक सुनियोजित हमला था।

# मॉडल व क्ट्रेस प्रीति वर्मा केसीएफ द्वारा आयोजित मिस बॉलीवुड ऑनलाइन ब्यूटी कॉन्टेस्ट 2025 की विनर बनीं

शकुन टाइम्स संवाददाता



**मुंबई।** मॉडल व ?क्ट्रेस प्रीति वर्मा केसीएफ फाउंडेशन के द्वारा 3 जनवरी 2025 को आयोजित मिस बॉलीवुड ऑनलाइन ब्यूटी कॉन्टेस्ट 2025 (सीज़न 6) की विनर घोषित की गई। इसके ज्यूरी सदस्यों में डॉ कृष्णा चौहान, डॉ परीन सोमानी और पब्लिसिटी डिज़ाइनर आर राजपाल थे। प्रीति वर्मा यह खिताब जीतकर बहुत खुश हैं और उन्होंने डॉ कृष्णा चौहान का आभार जताया है। बॉलीवुड के मशहूर निर्माता निर्देशक डॉ कृष्णा चौहान द्वारा आयोजित 4थे %महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2024% से भी प्रीति वर्मा को सम्मानित किया गया था। केसीएफ फाउंडेशन के अंतर्गत गांधी जयंती को अवार्ड शो %महात्मा गांधी रत्न अवार्ड 2024% मेयर हॉल, अंधेरी पश्चिम मुम्बई में किया गया था। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में मशहूर ?क्टर सुरेंद्र पाल, आईजी मोहन राठौड़, एसीपी संजय पाटिल, सुनील पाल, धीरज कुमार, दिलीप सेन, सानन्द वर्मा, के के गोस्वामी, बीएन तिवारी, शशि शर्मा, मंजू लोढ़ा सहित कई अभिनेता निर्देशक, संगीतकार, समाजसेवक की विशेष उपस्थिति रही और स्टेज पर इन सब की मौजूदगी में मॉडल व ?क्ट्रेस प्रीति वर्मा इस प्रतिष्ठित अवार्ड से सम्मानित की गईं।

मुंबई के फ़िल्म जगत में मॉडल व ?क्ट्रेस प्रीति वर्मा के असाधारण काम के लिए उन को कई अवार्ड से नवाजा गया है। मॉडल व ?क्ट्रेस प्रीति वर्मा न केवल एक अच्छी अभिनेत्री और मॉडल हैं बल्कि वह एक बेहतर इंसान भी हैं।मॉडल व ?क्ट्रेस प्रीति वर्मा का लुक भारतीय महिला वाला है इसलिए उन्हें पॉज़िटिव रोल के ऑफर आते हैं। टीवी पर न्यूज़ रीडिंग के द्वारा उन्होंने अपने कैरियर की शुरुआत की। प्रीति वर्मा ने दूरदर्शन के लिए न्यूज़ रीडिंग की है। प्रीति वर्मा ने क्योंकि सास भी कभी बहु थी, मानो या मानो सहित कई टेलीविजन धारावाहिकों में भी अभिनय किया है।

बचपन से ?क्ट्रेस बनने का सपना देखने वाली प्रीति वर्मा ने कई अल्बमो और फिल्मो में भी काम किया। माइंड ब्लोइंग शार्ट फिल्म्स के नाम से उनका चैनल भी है जिसके अंतर्गत प्रीति वर्मा शार्ट फिल्में प्रोड्यूस भी करती है।

## सरिस्का के जंगल में निकले बाघ को किया ट्रेंकुलाइज

**अलवर।** राजस्थान के अलवर जिले में सरिस्का अभयारण्य के जंगल से निकले बाघ सेंट 2402 को आज सुबह ट्रेंकुलाइज कर लिया गया। जिला वन अधिकारी अभिमन्यु सहारण ने बताया कि यह बाघ रैनी क्षेत्र के चिल्का का बास स्थित एक मकान की रसोई में घुस हुआ था जिस मकान में था उसका परिवार भी अपने मकान के एक कमरे में बंद रहा और सरिस्का की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने उस मकान के चारों ओर सौ मीटर की घेराबंदी की और गाड़ियों में बैठकर ही बाघ को ट्रेंकुलाइज करने की योजना बनाई, क्योंकि धुंध होने के कारण कुछ भी हादसा संभव था जब रेस्क्यू टीम ने वहां देखा कि किचन में बैठे टाइगर का कुछ हिस्सा उन्हें दिख रहा है तो उन्हें वहां से ट्रेंकुलाइज करना आसान लगा और इस तरीके से उसको सुबह करीब नौ बजे ट्रेंकुलाइज किया गया। ट्रेंकुलाइज करने के बाद बाघ के गले में रेडियो कॉलर बांधा गया है। रणथंभौर से स्पेशल गाड़ी मंगाई गई थी जिसमें ट्रेंकुलाइज कर इसको सरिस्का ले जाया गया। होश में आने के बाद इसका उपचार किया जाएगा और पूरी स्वस्थ हालत में उसको एनटीसीए की गाइडलाइन या उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद उसको अभयारण्य में छोड़ा जायेगा।

